www.dainikchingari.com
26 जनवरी 1950 को स्थापित
संस्थापकः बाबूसिंह चौहान
बिजनौर : सोमवार , 16 फरवरी , 2026
अंक- 114 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# चिंगारी


लैला-मजनू के बाद अब 'हीर रांझा' पेज 7



# डॉ. हिमानी सिंह

## को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।



जनपद बिजनौर की ओर से डॉ. हिमानी सिंह को हार्दिक बधाई एवं स्वागत। अंतरराष्ट्रीय शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ जर्मनी के साथ अंतरराष्ट्रीय जूरी और जज के रूप में जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए आपकी सफलता से हार्दिक खुशी है। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के साथ आपके समर्पण और विशेषज्ञता ने आपको यह प्रतिष्ठित सफलता दिलाई और हम अपने समुदाय के हिस्से में आपको पाकर गौरवान्वित हैं। हम आपके भविष्य की सफलता और हमारे जिले के आशान्वित शूटर को प्रेरित करने के लिए आपके द्वारा लाई गई प्रेरणा की प्रतीक्षा कर रहे हैं। पुनः आपका हार्दिक स्वागत है।



**भूपेंद्र सिंह बाटा**
शस्त्र व्यापारी एवं समाजसेवी






**मनोरमा देवी**
समाज सेविका

### निवेदक

**कुँवर उदित नारायण सिंह**
(पूर्व ब्लॉक प्रमुख)

**डा. एन.पी. सिंह (चेयरमैन)**
श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज

# नसीमुद्दीन सिद्दीकी की एंट्री से बदलेगा यूपी का सियासी समीकरण!

**देवराज सिंह**

**लखनऊ ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश की सियासत में नसीमुद्दीन सिद्दीकी का समाजवादी पार्टी में शामिल होना एक बड़े राजनीतिक संकेत के रूप में देखा जा रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 से पहले यह कदम सपा के लिए रणनीतिक रूप से बेहद अहम माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों की माने तो सिद्दीकी की एंट्री से पार्टी को न केवल संगठनात्मक मजबूती मिलेगी, बल्कि मुस्लिम मतदाताओं के बीच भी नया भरोसा कायम होगा। इसे सपा के लिए चुनावी 'संजीवनी' के तौर पर देखा जा रहा है। सपा में उनकी वापसी को वरिष्ठ नेता आजम खान की कमी को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आजम खान लंबे समय तक सपा के सबसे प्रभावशाली मुस्लिम चेहरे रहे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उनकी पकड़ और संगठनात्मक कौशल पार्टी के लिए बड़ी ताकत था। हालांकि बदलते राजनीतिक हालात में उनकी सक्रियता सीमित हुई है। ऐसे में नसीमुद्दीन सिद्दीकी का सपा में आना उस खाली स्थान को भरने की कोशिश माना जा रहा है। उनका अनुभव, प्रशासनिक समझ और जमीनी



नेटवर्क सपा को नई धार दे सकता है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सिद्दीकी का प्रभाव विशेष रूप से अहम है। इस क्षेत्र में मुस्लिम मतदाता कई सीटों पर निर्णायक भूमिका निभाते हैं। माना जा रहा है कि 2027 के चुनाव में उनका प्रभाव सपा को सीधे तौर पर लाभ पहुंचा सकता है। यही वजह है कि उनके सपा में आने से एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और भारतीय जनता पार्टी को भी अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है। मुस्लिम वोटों के बिखराव को रोकने और उसे सपा के पक्ष में एकजुट करने की दिशा में यह कदम अहम साबित हो सकता है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव इन दिनों 'मिशन 2027' पर पूरी ताकत से काम कर रहे हैं। वे छोटे दलों, क्षेत्रीय नेताओं और प्रभावशाली चेहरों को साथ जोड़कर व्यापक सामाजिक

## सपा को मिलेगी धार

गठजोड़ बनाने की रणनीति अपना रहे हैं। जिस तरह से एक के बाद एक मुस्लिम नेता सपा से जुड़ रहे हैं, उससे संकेत मिलता है कि पार्टी 'माई' (मुस्लिम-यादव) समीकरण को और मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। नसीमुद्दीन सिद्दीकी का राजनीतिक सफर भी काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। वे कभी मायावती के सबसे भरोसेमंद सहयोगी माने जाते थे और बहुजन समाज पार्टी में उनका कद बेहद ऊंचा था। 2007 से 2012 तक बहुमत वाली बसपा सरकार में उन्होंने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), आबकारी और ऊर्जा जैसे अहम मंत्रालय संभाले। 2017 में बसपा से अलग होने के बाद वे कांग्रेस में चले गए थे।




## उत्तर प्रदेश में 'साथी पोर्टल' के द्वितीय फेज के क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

लखनऊ (चिंगारी)। भारत सरकार द्वारा विकसित किए गए 'साथी पोर्टल' के द्वितीय फेज को उत्तर प्रदेश में प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में दो दिवसीय विस्तृत प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। 13 और 14 फरवरी को कृषि निदेशालय में आयोजित इस कार्यक्रम में भारत सरकार के वरिष्ठ तकनीकी विशेषज्ञों और एन.आई.सी. के वरिष्ठ निदेशकों द्वारा पोर्टल के तकनीकी पहलुओं और इसके संचालन की बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में बीज व्यवसाय को पारदर्शी बनाना और डिजिटल माध्यम से किसानों तक उच्च गुणवत्ता वाले बीज की पहुंच सुनिश्चित करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार के वरिष्ठ तकनीकी सहायक (सीड) डॉ. सोनू कुमार चौधरी, वरिष्ठ निदेशक (आईटी) एन.आई.सी. अर्चना एवं अविनाश विजयकुमार पेडगाँवकर, और संयुक्त निदेशक निलाद्रि बिहारी मोहंती ने अपनी टीम के साथ प्रतिभागियों को पोर्टल की कार्यप्रणाली समझाई। इस अवसर पर महाराष्ट्र कृषि विभाग की उप कृषि निदेशक डॉ. प्रीति सवाईराम ने महाराष्ट्र में साथी पोर्टल की सफलता की कहानी साझा की और इसके विभिन्न चरणों व लाभों से अवगत कराया। कार्यक्रम में अपर कृषि निदेशक (बीज एवं प्रक्षेत्र), उप कृषि निदेशक (प्रक्षेत्र) सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के प्रथम दिन बीज उत्पादक संस्थाओं, कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और निजी बीज कंपनियों व फर्मों को प्रशिक्षित किया गया, जबकि दूसरे दिन जनपद स्तर के विभागीय अधिकारियों और थोक व फुटकर बीज विक्रेताओं को तकनीकी जानकारी दी गई।



26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 16 फरवरी, 2026

# टी-20 वर्ल्डकप में भारत की पाकिस्तान पर सबसे बड़ी जीत

## 61 रन से हराया; ईशान ने 77 रन बनाए, इंडिया ने सुपर-8 में जगह बनाई

**कोलंबो, (एजेंसी/चिंगारी)।** इशान किशन (77), सूर्यकुमार यादव (32) और शिवम दुबे (27) की शानदार विस्फोटक बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को टी-20 विश्वकप 27वें मुकाबले में 12 गेंदे शेष रहते पाकिस्तान को 61 रनों से रौंदकर सुपर आठ में जगह बना ली। भारत ने इस जीत के साथ विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 8-1 कर लिया है।

176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान को भारत की हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह की पेस जोड़ी ने झकझोर दिया। हार्दिक ने पहले ही ओवर में साहिबजादा फरहान (शून्य) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई।




अगले ही ओवर में जसप्रीत बुमराह ने सैम अयूब (छह) और इसी ओवर की आखिरी गेंद पर कप्तान आगा सलमान (चार) का शिकार कर लिया।

पांचवें ओवर में गेंदबाजी करने आये अक्षर पटेल ने बाबर आजम (पांच) को चलता कर दिया। इसके बाद उस्मान खान और शादाब खान ने 39 रन जोड़कर वापसी का प्रयास किया, लेकिन 11वें ओवर में अक्षर ने उस्मान खान को आउट कर पाकिस्तान को पांचवां झटका दिया। उस्मान खान ने 34 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 44 रनों की पारी खेली। मोहम्मद नवाज (चार) को कुलदीप ने अपना शिकार बनाया। 13वें ओवर में तिलक वर्मा ने शादाब खान को आउट कर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। 16वें ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने फहीम अशरफ (10) और अबरार अहमद (शून्य) का शिकार कर लिया। 18वें ओवर की आखिरी गेंद पार हार्दिक पंड्या ने उस्मान तारिक (शून्य) को बोल्ड कर 114 के स्कोर पर पाकिस्तान की पारी का अंत कर भारत को सुपर आठ में पहुंचा दिया। भारत के लिए हार्दिक पंड्या, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिये। कुलदीप यादव और तिलक वर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 विश्वकप के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर सात विकेट पर 175 रन खड़ा किया था।

## भारत और पाक के कप्तानों ने हाथ नहीं मिलाया

भारत और पाकिस्तान के कप्तानों सूर्यकुमार यादव और सलमान अली आगा ने टॉस के समय हाथ नहीं मिलाया, जिससे पहले हुए विवादित हाथ नहीं मिलाने वाले मामले की यादें ताज़ा हो गईं, जिस पर पहले भी काफ़ी बहस हुई थी। पिछले साल एशिया कप में भी ऐसा ही झगड़ा हुआ था, जब भारतीय खिलाड़ियों ने एक तनावपूर्ण मुकाबले के बाद अपने पाकिस्तानी साथियों के साथ पारंपरिक तरीके से हाथ नहीं मिलाया था। इस घटना पर क्रिकेट की दुनिया में कड़ी प्रतिक्रिया हुई थी, पाकिस्तानी मीडिया के कुछ हिस्सों ने इसे खेल भावना के खिलाफ बताया, जबकि दोनों तरफ के कई पुराने क्रिकेटरों ने इस पर अपनी राय दी कि क्या ऐसे इशारे जरूरी थे या सिर्फ़ सिंबॉलिक थे।

## चांदी हाई से 1.84 लाख सस्ती, आज अचानक 8000 रुपये फिसली, सोना भी धड़ाम

सोना-चांदी की कीमतों के क्रैश होने का सिलसिला जारी है। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भी मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी MCX पर ओपनिंग के साथ ही दोनों कीमती धातुएं धड़ाम नजर आईं। बीते सप्ताह मामूली उछाल के बाद कारोबार की शुरुआत में ही 1 Kg Silver Price 8,000 रुपये से ज्यादा फिसल गया और अपने हाई से अब तक चांदी के भाव में गिरावट को देखें, तो ये 1.84 लाख रुपये प्रति किलोग्राम से ज्यादा सस्ती हो चुकी है। वहीं Gold Rate भी चांदी की तरह ही गिर गया है।

।। ओ३म् ।।

**शोक सन्देश एवं श्रद्धांजलि सभा**



मान्यवर, अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
मेरी धर्मपत्नी **श्रीमती पुष्पा देवी जी**
का दिनांक 11 फरवरी 2026 दिन बुधवार को भौतिक शरीर शांत हो गया है और आत्मा ईश्वर के श्री चरणों में विलीन हो गई है। उनकी दिवंगत आत्मा की शांति हेतु वैदिक यज्ञ एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है।

तिथि - 17 फरवरी 2026, दिन मंगलवार समय - दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक

**स्थान : आनन्दा बैंक्वट हॉल** } लाला धनीराम विद्या मन्दिर के सामने, किरतपुर (बिजनौर)

- : शोकाकुल परिवार :-
**डा. छतरपाल सिंह** (पति)
डा. दीपक कुमार-डा. वसुधा, डा. शिवप्रताप सिंह-स्वाति (पुत्र-पुत्रवधु) शिवांश, वेदान्त (पौत्र), मनस्वी, अनायशा (पौत्री) सरिता-विपिन कुमार, संगीता-नृपेन्द्र सिंह, डा. रीता-डा. नितिन (पुत्री-दामाद)
**एवं समस्त निर्वाल परिवार**

निवासी- मौ. अम्बेडकर नगर, नगीना रोड, किरतपुर (बिजनौर)
मो. - 9639647986, 9456025524

## दिल्ली में आज से दुनिया का सबसे बड़ा एआई इवेंट शुरू

भारत की राजधानी में आज, 16 से 20 फरवरी तक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का आयोजन भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया जा रहा है। इस समिट के साथ 'इंडिया AI इम्पैक्ट एक्सपो 2026' भी लगेगा, जहां दुनियाभर की कंपनियां अपने लेटेस्ट एआई प्रोडक्ट्स और सॉल्यूशंस पेश करेंगी। इस आयोजन का मकसद यह दिखाना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को शिक्षा, स्वास्थ्य, खेती समेत अलग-अलग क्षेत्रों में कैसे उपयोग कर बदलाव लाया जा सकता है, जिससे आम लोगों की जिंदगी बेहतर होगी। करीब 70,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैले एक्सपो में 30 से अधिक देशों की 300 से ज्यादा कंपनियां हिस्सा लेंगी।

**होटल में स्टाफ की आवश्यकता**

**1. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी**
वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)
योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव

**2. वेटर/बेल ब्वॉय**
**वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार (दिन/रात शिफ्ट)**
योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना

**होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747**

भली लगे या बुरी...


# कुछ देश के बारे में भी सोचिए!

देश में इन दिनों या कहिये पिछले कुछ दिनों से जो कुछ भी चल रहा है, क्या वो देखकर, सुनकर आपका भी माथा ठनकता है? होने को तो पिछले एक दशक से देश में बहुत कुछ बहुत अजीबोगरीब हो रहा है, मगर अब तो हद ही हो गई है। क्या सिर्फ सत्ता ही सब कुछ है, देश कुछ नहीं। वोट बैंक के लिये कुछ भी करेंगे। बस दो काम रह गये हैं, एक- अपना घर भरना, दूसरा-हिन्दू मुसलमान करना। इसके लिये कितना ही नीचे जाना पड़े, जायेंगे। उनके गिरने की कोई सीमा नहीं। अगर आप संवैधानिक पद पर होते हुए भी गैर संवैधानिक कृत्य करेंगे तो कुछ नहीं, क्योंकि तुलसी बाबा कह गये हैं- समरथ को नहीं दोष गुंसाई। लेकिन अगर आम आदमी संविधान सम्मत बात भी करे, दिलों को जोड़ने का काम और नफरत का विरोध करे तो उसका हश्र कोटद्वार के दीपक जैसा होता है। संविधान निर्माताओं और संविधान को लागू करने वालों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जिस संविधान के द्वारा वह देशवासियों को समान मौलिक अधिकार दे रहे हैं, उसका तिरस्कार कर कोई मुख्यमंत्री कहेगा फलां सम्प्रदाय के लोगों को परेशान करो, उस मजहब का रिक्शा वाला 5 रुपये मांगे तो 4 रुपये दो। नैतिकता और इंसानियत का इससे ज्यादा पतन और क्या हो सकता है।

संसद के बजट सत्र का प्रथम भाग अभी ही समाप्त हुआ है। इस सत्र में क्या काम हुआ संसद में? विपक्ष के नेता राहुल गांधी को सत्तापक्ष ने नहीं बोलने दिया, तो कांग्रेस की महिला सांसदों के तीखे तेवरों के चलते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब नहीं दे सके। सरकार के एक मंत्री द्वारा देश के एक पूर्व प्रधानमंत्री को 'अय्याश' तक कह दिया गया। लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर के बाहर विपक्ष के नेता को एक वरिष्ठ मंत्री ने 'लुच्चा' कह दिया। ढीढता तो देखिये, पत्रकारों ने जब कहा कि आप विपक्ष के नेता ( एलओपी ) को 'लुच्चा' कह रहे हैं तो मंत्री जी ने शब्द वापस लेने के बजाए कहा- लुच्चे को लुच्चा न कहें तो और क्या कहें? ये कौन सी संसदीय मर्यादा या परम्परा है, जिसकी दुहाई देकर सत्तापक्ष के लोग विपक्ष खास कर राहुल गांधी पर रोज प्रहार करते हैं। उधर, राहुल गांधी का भी जुबान पर कंट्रोल नहीं है। कभी-कभी तो आ बैल मुझे मार वाली बात कर देते हैं। मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू सिंह को 'गद्दार' बोल दिया। बस फिर क्या था, ट्रेड डील और एपस्ट्रिन फाइल्स को लेकर भाजपा खेमा बैक फुट था, राहुल का 'गद्दार' वाला बयान आते ही मोदी पलटन फ्रंट फुट पर खेलने लगी।

# बोर्ड परीक्षा में पढ़ाई के साथ सेहत का भी रखें पूरा ख्याल

इस सप्ताह दसवीं एव बारहवीं की बोर्ड की परीक्षा शुरू होने वाली है जिसमें बच्चे आमतौर पर पढ़ाई पे पूरी तरह से ध्यान देते देते अपनी सेहत को भूल जातें हैं जबकि अच्छी तैयारी के लिए पढ़ाई के साथ साथ स्वास्थ्य पर भी बराबर ध्यान देने की आवश्यकता है ।



आजकल हमारे क्लिनिक पर ऐसे चिंतित माता पिता ज़्यादा आरहे है जो ये कहते हैं की परीक्षा की चिंता के कारण बच्चा ठीक से खा पी नहीं रहा और नींद में भी कमी होती जा रही है , इसीलिए हमारा सुझाव है कि एग्जाम के दिनों बच्चे के खान पान पर विशेष ध्यान दें ।

**क्या करें -**

बच्चे को पौष्टिक आहार जैसे घर में बना खाना जो कम वसा युक्त हो , फल और सब्जी का ज़्यादा सेवन करें , भरपूर मात्रा पानी पीतें रहें । हल्का व्यायाम करें । शाम को कम से कम दस मिनट खुले में टहलें । कोई मानसिक परेशानी हो तो माता पिता से अवश्य साझा करें ।

**क्या ना करें -**

बाहर खा खाना अथवा जंक फूड का सेवन ना करें ।

नींद का ध्यान रखें ,कम से कम छ से सात घंटे की नींद अवश्य लें ।



घर पर चिप्स,मैगी,पास्ता आदि खाद पदार्थों का सेवन कतई न करें।

छोटी मोटी थकान ,सरदर्द आदि में बिना डाक्टर की सलाह के कोई दवाई न लें ।

अपने आप को एक कमरे में बंद ना रखें समय समय पर परिजनों से बातचीत करतें रहें ।

अपने आत्मविश्वास को न गिरने दें पूर्ण ऊर्जा से तैयारी करें ।

नए टॉपिक्स पर ध्यान न दें अब रिवीजन पर ज़्यादा ध्यान दें।

प्राय: ये देखा गया है की बच्चे परीक्षा के समय बहुत ज़्यादा रिजर्व हो जातें हैं और परिजनों से दूर हो जातें हैं जिससे उनमें आत्मविश्वास की कमी और मानसिक अवसाद या नकारात्मक ख्याल आने लगते है जिससे उनका मनोबल कमजोर हो जाता है इसीलिए परिजनों को लगातार बच्चे की कार्यशैली पर ध्यान रखना चाहिए । और ऐसी स्थिति में कुशल चिकित्सक से मार्गदर्शन लेना चाहिए । मानसिक विकार , मनोबल की कमी, परीक्षा का भय तथा अनिंद्रा आदि लक्षणों में होम्योपैथी रामबाण की तरह काम करती है जिससे समय रहते लक्षणों पर काबू कर लिया जाता है और हमारा बहुमूल्य समय बच जाता है ।

**-डा. नवनेश कोठारी**
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
क्लासिकल होम्योपैथी,बिजनौर

## छात्राएँ भी सजग रहें



आमतौर पर परीक्षा के समय कुछ छात्राओं को मासिक धर्म की समस्या रहती है जिससे उनमें मानसिक परेशानी,तनाव असहनीय दर्द आदि हार्मोनल समस्याएँ आ जाती हैं कुछ छात्राओं को मासिक धर्म की दिनांक परीक्षा के दिन भी रहती है जिस कारण हमें कुछ सावधानी बरतनी चाहिए । ऐसे समय में हमें अपने पीरियड की डेट आगे पीछे करने की दवाईयां नहीं लेनी चाहिए अन्यथा इसके दुष्प्रभाव होने का खतरा रहता है । हमें ऐसे समय में

## जिला पंचायत सदस्य रफी अंसारी ने किया कन्फेक्शनरी का शुभारंभ

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद रफी अंसारी एवं डॉ नौशाद अली ने जोगीरम्पुरी में जम जम बेकर्स एंड कन्फेक्शनरी का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर मोहम्मद रफी अंसारी ने कन्फेक्शनरी के स्वामी कारी सुहैल व मौलाना हंजला को अपनी दुआओं से नवाजते हुए मुबारकबाद दी। इस मौके पर डॉ. नौशाद संसार हॉस्पिटल नजीबाबाद, डॉ. जीशान, बिलाल सिद्दीकी, हकीम कारी याहया अंसारी, हुसैन अहमद, कारी हुजैफा, हमजा अयाज बिजनौरी, मुफ्ती असरार, मुफ्ती अब्दुल वली, मुफ्ती रजी, मौलाना अतातुर्रहमान, कारी जुबैर, हाफिज रागिब, मौ. शमशाद, मौ. अनीस, रिसाल अहमद, मौ. मियां, मौ. दानिश, मौ. इंतजार, मौ. अफजल, मौ..इरफान, मौ. अमजद, मौ. अजहर आदि मौजूद रहे।



## चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने किया रेडीमेड शॉप का उद्घाटन



**नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगर के रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित लाहोटी मार्केट में अयान की रेडीमेड गारमेंट्स शॉप का उद्घाटन साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार के संगठन के जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ, एडवोकेट रियासत अंसारी, विशाल सैफी, विशाल कुरैशी, मोनू टाटा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।**

छपते-छपते

# नैनीताल जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली

**परिसर में अफरा तफरी- सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट- पड़ताल जारी**



**नैनीताल ( चिंगारी )।** आज नैनीताल जिला कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से न्यायालय परिसर में हड़कंप मच गया। धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद एहतियातन अधिवक्ताओं, कर्मचारियों और वादकारियों को तुरंत अपने-अपने चेंबरों से बाहर निकालकर परिसर खाली कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 'ऑल इंडिया जजेज एसोसिएशन' की आधिकारिक ईमेल आईडी पर एक मेल आया, जिसमें दावा किया गया कि जिला न्यायालय परिसर में 12 RDX IED लगाये गये हैं, जो जल्द ही फटेंगे। तमिलनाडु में ईडब्ल्यूएस रिजर्वेशन लागू होने से रोकें। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवत प्रसाद ने बताया कि जैसे ही ईमेल की सूचना मिली, तत्काल न्यायालय प्रशासन को अवगत कराया गया। सुरक्षा के मद्देनज़र परिसर को खाली कराकर सभी अधिवक्ताओं और वादकारियों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के निर्देश दिए गए। सूचना मिलते ही पुलिस और खुफिया एजेंसियां मौके पर पहुंच गईं और न्यायालय परिसर के चप्पे-चप्पे की सघन तलाशी शुरू कर दी। संदिग्ध वस्तुओं और वाहनों की जांच की जा रही है। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड भी बुलाया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और धमकी भरा ईमेल भेजने वाले की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील की है। समाचार लिखे जाने तक किसी संदिग्ध वस्तु मिलने की पुष्टि नहीं हुई थी और सुरक्षा एजेंसियां एहतियातन हर पहलू की गहन जांच कर रही थीं।

# पेंशन हमारा संविधानिक अधिकार, महासम्मेलन में भरी हुंकार





## टीईटी की अनिवार्यता और एनपीएस-यूपीएस हैं काले क़ानून- बंधु

**बिजनौर ( चिंगारी )।** टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण के विरोध में कल रविवार को इंदिरा बाल भवन बिजनौर में विशाल पेंशन क्रांति महासम्मेलन आयोजित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु की अध्यक्षता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह के संचालन में हुए इस महासम्मेलन में हजारों की संख्या में शिक्षकों व कर्मचारियों ने अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करायी।

महासम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस काले कानून हैं, जिसका विरोध निरंतर जारी रहेगा। पुरानी पेंशन हमारा संविधानिक अधिकार है, जिसके लिए संगठित होने की आवश्यकता है। सरकार हमारी मांगें तभी मानेगी, जब हम संगठित होकर लड़ें। आईआरईएफ राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरीक सिंह एवं डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप बडोला ने कहा कि अटेवा पुरानी पेंशन बहाली के लिए ईमानदारी से शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए संघर्षरत हैं, हम अटेवा के संघर्ष के साथ हैं।

विद्युत प्राविधिक कर्मचारी संघ के पश्चिमांचल महासचिव अभिमन्यु कुमार व ऑल इंडिया पटवारी एवं कानूनगो के राष्ट्रीय अध्यक्ष राममूरत यादव व उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष जीतमणि पैन्यूली ने कहा पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है, जिसके लिए अंत तक संघर्ष जारी रहेगा। राजकीय वाहन चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रिजवान सिद्दीकी एवं जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश संयुक्त मंत्री ठाकुर विश्वपाल सिंह ने अटेवा के संघर्ष की तारीफ की और हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जितेंद्र कुमार गुर्जर, मुकेश रतौड़ी, जगमोहन, विकास कुमार शर्मा, दुष्यंत कुमार, उदय प्रताप सिंह, बिट्टू कुमार, चरणजीत सिंह, तालीब हसन, सुधीर कुमार यादव, नितिन कुमार, प्रीतवर्धन, रजनीश कुमार, इंद्रेश यादव रंजन, प्रहलाद यादव, राजन खान, हेमंत चौधरी, दीपक गुप्ता, रजनीश सहगल, मतीन अहमद, राधेश्याम, रविन्द्र कुमार, नवनीत गुप्ता, अंकुर, लोकेंद्र सिंह, राजेश कुमार, रवि गहलोत, सुभाषचंद्र यादव, मनोज कुमार यादव, विनोद कुमार यादव, विजय कुमार, दीपक गुप्ता, करतार सिंह, अबरार, करतार सिंह, मुजफ्फर, सलाम, सुभाष चंद्र, आफताब अहमद, जयदेव, सुशील कुमार, लखबीर, राकेश कुमार शर्मा, गजेंद्र कुमार शर्मा, धीरज कुमार, क्रांति सिंह शर्मा, जयप्रकाश, कपिल कुमार शर्मा, मनोज कुमार कौशिक आदि मौजूद रहे।

## जनसम्पर्क करने पहुंचे शेरबाज पठान समर्थकों ने किया जोरदार सम्मान



**चांदपुर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष शेरबाज पठान के आजाद समाज पार्टी में शामिल होने से क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह व जोश देखने को मिल रहा है। क्षेत्र के लोग आसपा में शामिल हो रहे हैं। श्री पठान के आसपा में आने से क्षेत्र में पार्टी को मजबूती मिली है। वरिष्ठ नेता शेरबाज पठान ने अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र के ग्राम जलीलपुर, बरखेड़ा, धींवरपुरा आदि अनेक गांवों में पहुंचकर लोगों से की मुलाकात की। पठान जिस गांव में गये वहां के लोगों ने उनका शानदार स्वागत कर पूर्व की भांति अपना पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर ईश्वर दयाल, मौ. अदनान, शिवचरण सिंह, इंतजार चांदपुरी, अनीस प्रधान, दिलशाद अहमद, शहजाद अहमद, महताब अहमद, फुरकान अहमद, मौ. अकरम, देशराज सिंह, दयाराम सिंह, रमेश सिंह, नवरत्न सिंह, इसरार प्रधान, जाने आलम, रेवती सिंह, जबर सिंह, तुलसीराम, फैयाज प्रधान, राजेंद्र सिंह, मोहम्मद कामिल, नदीम सैफी, डा. बंटी आदि मौजूद रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## कूड़ा डालने को लेकर दुकानदारों में मारपीट से बाज़ार में अफरा-तफरी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** ग्राम दारानगर गंज निवासी पारस अग्रवाल पुत्र राजू अग्रवाल और रविराज पुत्र रामबरन सिंह की बाजार में दुकानें हैं। रविवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे चौराहे पर कूड़ा डालने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई, जो हाथापाई में बदल गई। इस दौरान रविराज को चोट लग गई। आरोप है कि इसके बाद रविराज पक्ष के कुछ लोग मौके पर पहुंचे और पारस अग्रवाल के पिता राजू अग्रवाल के साथ मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से बाजार में अफरा-तफरी मच गयी। सूचना पर गंज चौकी प्रभारी रोहताश सिंह मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी कर व्यापारियों को शांत कराया। घटना के बाद दोनों पक्ष थाना कोतवाली शहर पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। चौकी इंचार्ज रोहताश सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हो गई है। जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

## गौतस्करी रोकने को रात्रि गश्त बढ़ाने पर जोर दिया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शिवरात्रि के पावन अवसर पर राष्ट्रीय गौरक्षा दल की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के प्रदेश महामंत्री हितेश चौधरी उपस्थित रहे।

उन्होंने अपने संबोधन में आगामी गौ-रक्षा अभियानों की रणनीति, संगठन विस्तार, नये सदस्यता अभियान तथा वर्तमान चुनौतियों और उनके समाधानों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है, ताकि गौ-रक्षा के कार्य प्रभावी ढंग से संचालित किए जा सकें। बैठक में निर्णय लिया गया कि अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ा जाएगा और विशेष सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही रात्रि गश्त बढ़ाने पर भी जोर दिया गया, जिससे गौ-तस्करी जैसी घटनाओं पर नियंत्रण रखा जा सके। सभी कार्यकर्ताओं ने गौ-माता की रक्षा के संकल्प को और मजबूत करने का प्रण लिया तथा महादेव की कृपा से संगठन को और सशक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया। बैठक में जिला अध्यक्ष आदित्य उपाध्याय, जिला प्रमुख केशव वर्मा, जिला संयोजक मयंक उपाध्याय, नगर प्रभारी सूजल वर्मा, नगर अध्यक्ष सुमित सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश राजपूत, पुलकित पाल, तुषार नामदेव, रोहित सैनी, रवि सैनी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# टीईटी की अनिवार्यता के ख़िलाफ़ लड़ाई होगी तेज : चौहान

## टीएफआई ने किया आंदोलन का कार्यक्रम घोषित

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान ने कहा है कि टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ आंदोलन को और तेज किया जाएगा। आंदोलन के लिए टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने कार्यक्रम घोषित कर दिया है। प्रदेश व देश भर के शिक्षकों को ट्वीट अभियान से लेकर दिल्ली मार्च तक के कार्यक्रम में भागीदारी करनी होगी।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा सभी शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता किए जाने के आदेश से शिक्षक के असहज हैं। पिछले कई महीनों से शिक्षक इसे लेकर आंदोलनरत हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशचंद शर्मा के नेतृत्व में देशभर के शिक्षक संगठनों को एकजुट कर टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (टफी) का गठन किया गया है। अब टफी के बैनर तले टेट की अनिवार्यता के खिलाफ आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ, महिला शिक्षक संघ तथा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सहित प्रदेश के सभी शिक्षक संगठन टेट की अनिवार्यता के



भूपेंद्र कुमार चौहान राजेंद्र कुमार

विरोध में एकजुट हैं। 22 फरवरी को दोपहर दो बजे से 4 बजे तक ट्विटर पर अभियान चलाया जाएगा। 23 फरवरी को सभी शिक्षक काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। 26 फरवरी को दोपहर 1 से 4 बजे तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

दूसरी ओर उत्तर प्रदेश या प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने प्रदेश भर के शिक्षक संगठन ने एकजुट होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि शिक्षक संगठनों के एकजुट होने से टेट की अनिवार्यता के खिलाफ लड़ाई को और मजबूती से लड़ा जाएगा। उन्होंने शिक्षकों से ट्विटर पर एक्टिव रहने का आह्वान किया है। ताकि शिक्षकों की मांगों को जोरदार तरीके से उठाया जा सके। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त करने के लिए एकजुट होना जरूरी है।

# शिविर में कौशल विकास हेतु योजनाओं की जानकारी दी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वर्धमान कॉलेज बिजनौर की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई द्वारा प्राथमिक विद्यालय, रसूलपुर पिरथी (आदमपुर) में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का द्वितीय दिवस महाशिवरात्रि पर्व पर आधारित आध्यात्मिक एवं कौशल सशक्तिकरण के रूप में मनाया गया। स्वयंसेविकाओं ने गांव के शिव मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की तथा मंदिर के परिसर की सफाई की। तत्पश्चात, 'युवाओं के लिए कौशल




विकास हेतु सरकारी योजनाएं' विषय पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। डॉ. यश अग्रवाल, समन्वयक, कौशल विकास योजना बिजनौर मुख्य वक्ता रहे। स्वयंसेविका काजल लाहौरी एवं गायत्री सिंह ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। डॉ. मेघना अरोड़ा ने अतिथि का परिचय कराया। डॉ. यश अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में सरकार द्वारा कौशल विकास के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। प्रश्नोत्तरी सत्र में उन्होंने सबकी जिज्ञासा को शांत किया। डॉ. बबीता चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच का संचालन स्वयंसेवक अंशिका राजपूत एवं गायत्री सिंह ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान द्वारा किया गया।

# दिन भर गूंजे महादेव के जयकारे शिव भक्ति में डूबे श्रद्धालु सारे

**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर व क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कल पूरा दिन हर-हर महादेव के नारे गूंजते रहे। कल महाशिवरात्रि के अवसर पर सुबह से मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही और सबने भगवान भोलेनाथ के मंदिरों में जल चढ़ाया। विश्व प्रसिद्ध श्री हनुमान धाम को विशेष रूप से सजाया गया। इसके अलावा श्रीराम मंदिर,



श्री नीलेश्वर मंदिर, चैनपुरी मंदिर, प्राचीन मंदिर, नंदलाल देवता मंदिर, हरिहर मंदिर आदि पर सुबह से शाम तक भक्तों ने जल चढ़ाया। नगर पालिका की ओर से मंदिरों के आसपास विशेष सफाई व्यवस्था की गई। सुरक्षा की दृष्टि से थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी लगातार गश्त करते रहे।

# राष्ट्रीय स्तर पर छाये गिलाड़ी के खिलाड़ी

## पर्व चौधरी ने गोल्ड व सिल्वर मेडल, यूथ नेशनल में तुषार चौधरी ने सिल्वर मेडल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मोदीनगर में चल रही नेशनल वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप में जिले के पर्व चौधरी ने 94 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल व सिल्वर मेडल जीता। वहीं उसके साथी खिलाड़ी तुषार चौधरी ने यूथ नेशनल वेट लिफ्टिंग में सिल्वर मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। दोनों युवाओं के प्रदर्शन से जिले के वेटलिफ्टर गदगद हैं।



इंटरनेशनल खिलाड़ी जसवंत सिंह ने बताया कि मोदीनगर में चल रही नेशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जूनियर वर्ग के 94 किलो भार वर्ग में पर्व चौधरी ने 333 किलो बार वर्ग उठाकर गोल्ड मेडल जीता तथा सीनियर वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि पर्व चौधरी ने इस मैच में 149 तथा क्लीन एंड जर्क में 184 किलो भार उठाया। कुल 333 किलो भार उठाकर रिकॉर्ड के साथ गोल्ड व सिल्वर मेडल जीता है। साथ ही तुषार चौधरी ने 94 किलो भार वर्ग में यूथ जूनियर वर्ग में स्नेच में 133 तथा क्लीन एंड जर्क में 171 किलो भार उठाकर सिल्वर मेडल जीता है। गिलाड़ी वेटलिफ्टिंग सेंटर के कोच करन सिंह ने बताया दोनों खिलाड़ी पिछले कई वर्ष से कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उम्मीद है कि दोनों खिलाड़ी इंटरनेशनल स्तर पर जिले का नाम रोशन करेंगे।

# दो नेत्रहीनों के जीवन का अंधेरा दूर करेंगी राजबाला अग्रवाल की आंखें

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शनिवार को श्रीमती राजबाला (76 वर्ष) निवासी गोविंद नगर कोटद्वार का निधन हो गया। उनके पति द्वारिका प्रसाद अग्रवाल ने अपनी पत्नी की आंखें दान करने की इच्छा जाहिर की। विकास अग्रवाल बिजनौर ने निर्मल आश्रम नेत्र सस्थान के आत्मप्रकाश को सूचित किया। संस्थान के डॉ. तुषार व मकरेंदु ने दिवंगत के निवास पर पहुंचकर कॉर्निया प्राप्त किया। उस वक्त परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। इस नेत्रदान के जरिये दो लोग इस सुन्दर संसार को देख पाएंगे। निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट प्रशासन ने परिवार की नेत्रदान सेवा भावना की प्रशंसा की जिससे की इस नेत्रदान से समाज को प्रेरणा मिलेगी।

**नेत्रदान के लिए आवश्यक बातें-** मृत्यु के 6 घंटे के अंदर आंखें दान कर देनी चाहिएं। मृतक की आंखें बंद करके उसके ऊपर गीली रुई रख देनी चाहिए। पंखा बंद कर दें। एसी हो तो चलने दें। सिर के नीचे तकिया रख दें। नेत्रदान करने के लिए मोबाइल नम्बर 9837607526 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# धूमधाम से मनाया गया इस्लाही एकेडमी का एनुअल फंक्शन



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** इस्लाही एकेडमी कासमपुर गढ़ी का एनुअल फंक्शन धूमधाम के साथ मनाया गया। रविवार को बस स्टैंड रोड स्थित एक वेंकट हॉल में वरिष्ठ पत्रकार एस.एम. असलम के संचालन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्या ग़ज़ाला परवीन ने फीता काटकर किया। छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रोग्राम पेश कर उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले एवं स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं को उपस्थित अतिथियों सायमा परवीन, मौ. एजाज, अयाज अहमद, इरशाद अहमद, मौ. अरशद व कामिल खान आदि ने शील्ड देकर पुरस्कृत किया। अपने संबोधन में अतिथि वक्ताओं ने स्कूल की प्रबंधक सीमा परवीन, प्रधानाचार्या गजाला परवीन सहित शिक्षक स्टाफ की मेहनत को सराहा और बच्चों की हौसला अफजाई की। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्या ग़ज़ाला परवीन सहित स्कूल की शिक्षिकाओं मुस्कान, कविश, राफिया, सबा, जोया व मुबश्शिरा वगैरा का अहम रोल रहा। प्रधानाचार्या ग़ज़ाला परवीन ने इस सत्र में विदा हो रहे बच्चों के लिए भावुक गीत सुनाया।

# कार और ट्रैक्टर की भीषण टक्कर में महिला की मौत, चार अन्य घायल



**शेरकोट ( चिंगारी )।** नेशनल हाईवे पर कार और ट्रैक्टर की हुई भीषण टक्कर में कार सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि दोनों वाहनों में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बीती रात नगर के मोहल्ला खुराड़ा निवासी मोहम्मद जुबैर 28 वर्ष अपनी पत्नी अफशा परवीन और मां नफीसा खातून 56 वर्ष के साथ अफजलगढ़ रोड स्तिथ शहनाई बैंक्विट हॉल में आयोजित एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। जब ये ग्राम भनौटी कट के पास पहुंचे तो गांव की ओर से आये टैक्टर से कार की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि टैक्टर भी पलट गया। इस हादसे में कार सवारों के साथ टैक्टर से खेत की जुताई करके लौट रहे मोहल्ला खुराड़ा निवासी नत्थू सिंह और उनका पुत्र महेन्द्र भी घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा आसपास के लोगों की मदद से पांचों घायलों को उपचार हेतु धामपुर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां एक प्राइवेट अस्पताल में उपचार के दौरान नफीसा खातून की मौत हो गई। इस घटना से नफीसा खातून के परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ट्रैक्टर भी पलट गया, जिससे हाईवे पर यातायात बाधित हो गया, थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को हटवाकर हाईवे पर यातायात बहाल करा दिया गया है। परिजनों की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## अनियंत्रित हुये ट्रक की चपेट में आकर एक की मौत

**स्योहारा ( चिंगारी ) ।** साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में एक ट्रक अनियंत्रित होकर ठेले पर बने खोखे में घुस गया। पास ही खड़े बिजली के पोल को भी तोड़ दिया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि 4 लोग घायल हो गये। सोमवार की सुबह करीब 11 बजे एक ट्रक स्योहारा की ओर से बुढ़नपुर की ओर जा रहा था, जैसे ही वह गांव कुरी बांगर पहुंचा तो अचानक साइकिल सवार रूपराम पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम निचलपुर ट्रक के सामने आ गया, जिसे बचाने के चलते ट्रक अनियंत्रित हो गया और ठेले पर बने खोखे में घुस गया और पास ही खड़े बिजली के पोल को भी तोड़ दिया, जिसमें 70 वर्षीय नरेश पुत्र मंगत सिंह निवासी कुरीबांगर, साइकिल सवार रूपराम पुत्र रामकिशन ग्राम निचलपुर, अमर सिंह पुत्र लल्लू सिंह, राजो देवी पत्नी अमर सिंह, मोहित पुत्र मनोज घायल हो गये, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां नरेश पुत्र मंगत सिंह को मृतक घोषित कर दिया। जबकि साइकिल सवार रूपराम को हायर सेंटर रैफर कर दिया। अन्य तीन का उपचार चल रहा है। गुस्साए लोगों ने ट्रक को कब्जे में लिया और ट्रक मालिक को बुलाने के लिए आक्रोशित हो गये। पुलिस ने बामुश्किल सभी को समझाया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया तहरीर मिलने पर कार्यवाही होगी, ट्रक कब्जे में ले लिया ।

## कोहरे के कारण भिड़े कई वाहन

**नूरपुर ( चिंगारी )।** नूरपुर–बिजनौर स्टेट हाईवे पर ग्राम अहीरपुरा के पास घने कोहरे के कारण कई गाड़ियां आपस में भिड़ गईं। हादसे में ट्रक का चालक अशोक कुमार निवासी पूरनपुर (पीलीभीत) व डीसीएम चालक योगेन्द्र सिंह निवासी कबाल थाना क्षेत्र जानसठ (मुजफ्फरनगर) घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह घने कोहरे के कारण ग्राम अहीरपुरा के पास एक ट्रक ने डीसीएम व एक ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। हादसे के कारण स्टेट हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लम्बी–लम्बी कतार लग गई। हादसे की सूचना पर उपनिरीक्षक वर्षा यादव पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया, जहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद घर भेज दिया।

## सब्जी के ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**किरतपुर ( चिंगारी )।** आज सुबह 10 बजे किरतपुर से नगीने की ओर जा रहे सब्जी से भरे ट्रक की आलोपुर के पास एक बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि दुर्घटना के बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए नगर के एक अस्पताल ले गए। इसी दौरान अरविंद पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम आलोपुर की रास्ते में मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है और उसका इलाज जारी है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर थाने भिजवा दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस आगे की आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

# कब्रिस्तान में बनाये जा रहे कमरे की दीवार तोड़ने पर विवाद



**किरतपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ला किला स्थित दरगाह परिसर के बाहर स्थित कब्रिस्तान में एक मुर्दे को दफनाने को लेकर कमकर बिरादरी के लोगों द्वारा कब्रिस्तान गेट के पास बनाए गए कमरे की दीवार को तोड़ दिया गया, जिससे वहां विवाद की स्थिति पैदा हो गई, बाद में मुर्दे को दफना दिया गया। जानकारी के अनुसार मोहल्ला किला निवासी अल्लाह दिया कमकर के 58 वर्षीय पुत्र मोहम्मद मंसूर का कश्मीर में बीमारी के चलते इंतकाल हो गया था, उसकी मय्यत को कल किरतपुर लाया गया और आज सुबह उसे दफनाने के लिए बिरादरी के कब्रिस्तान ले गए, तो वहां कब्रिस्तान के रास्ते पर एक दीवार व कमरा के हो रहे निर्माण को कमकर बिरादरी ने तोड़ दिया और मैयत को दफन कर दिया। कमकर बिरादरी के जिम्मेदार पूर्व सभासद इरशाद अहमद घाटू चौधरी गुड्डू चौधरी आदि का कहना था कि यह हमारे कब्रिस्तान का लगभग 200 वर्ष पुराना रास्ता है, जिसे बंद कर दिया था ( दूसरे ) और दूसरे पक्ष मुन्ने मियां, मन्नू मियां, इकराम मियां, शाह का कहना था कि कमकर बिरादरी के लोगों ने कमरे की दीवार तोड़ी है, जिसका हमने कतई विरोध नहीं किया। हम चाहते हैं कि मामला दोनों पक्षों के जिम्मेदार लोगों के बीच बैठकर निपट जाए। सूचना मिलने पर कस्बा इंचार्ज दीपक नागर मय फोर्स के मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से इस मसले को शांतिपूर्वक निपटाने को कहा, यदि किसी ने कोई गड़बड़ करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



एथर इलेक्ट्रिक
असली इलेक्ट्रिक
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# चलन से बाहर हुई आम आदमी की सवारी

## रेंजर साइकिल ने देशी साइकिल को बाजार से आउट किया

रूकन राजपूत

**नांगल सोती ( चिंगारी )**। पिछले 5-6 वर्षों में साधारण (देशी) साइकिलों की बिक्री 75 से 80 फीसदी घटी है। नई पीढ़ी यदि साइकिल खरीद भी रही है, तो नये जमाने की रेंजर साइकिल। बच्चों की साइकिल की बिक्री में जरूर जबरदस्त उछाल आया है। गुजरे जमाने में साधारण (देशी) साइकिल घर-घर की शान हुआ करती थी। एक दौर था, जब साइकिल भी मालदार होने की पहचान हुआ करती थी। दहेज में साइकिल मिलना बड़ी बात मानी जाती थी। साइकिल को कुछ तबकों में गाड़ी भी कहा जाता था। साइकिल से ही लोग काफी दूर तक की रिश्तेदारियों में जाया करते थे। समय बदलता गया और साइकिल की जगह मोटरसाइकिल ने ले ली। हालांकि साइकिल फिर भी उपयोगी रही। लोग जंगल जाने, आसपास में जाने, बाजार से सामान लाने, चक्की पर पिसवाने के लिये अनाज ले जाने आदि कार्यों में साइकिल का प्रयोग करते थे, मगर अब सादी साइकिल की जगह रेंजर (आधुनिक) साइकिल ने ले ली है।



अपने साइकिल स्टोर में रेंजर साइकिल दिखाते गगन कर्णवाल

सादी साइकिलों की बिक्री में भारी कमी आई है। नई पीढ़ी वैसे तो साइकिल का प्रयोग बहुत ही कम कर रही है और यदि कर भी रही है, तो उसकी पसंद रेंजर (आधुनिक) साइकिल है। सादी साइकिल को रेंजर साइकिल ने चलन से काफी हद तक बाहर कर दिया है। नांगल में साइकिल स्टोर के संचालक गगन कर्णवाल बताते हैं कि 2019 तक सादी साइकिल की खूब डिमांड थी, लेकिन तब की तुलना में अब देशी साइकिल की मांग में 75 से 80 फीसदी की कमी आई है। सादी साइकिल की कीमत जहां 3,500 से 5,000 रूपये तक है, वहीं रेंजर साइकिल काफी महंगी भी हैं। उनका कहना है कि वे अपनी दुकान पर 3,500 से 12,000 रूपये कीमत तक की रेंजर साइकिलें बेचते हैं।

### बच्चों की साइकिलों की बिक्री बढ़ी

साइकिल स्टोर के संचालक गगन कर्णवाल ने बताया कि देशी साइकिल की बिक्री में जहां रिकॉर्ड कमी आई है, वहीं बच्चों की साइकिलों की बिक्री में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। उनका कहना है कि वर्ष 2015 से पहले गांवों में बच्चों की साइकिलें इक्का-दुक्का ही बिकती थीं, मगर अब बच्चों की साइकिलें खूब बिकती हैं।

### 24 इंची साइकिल नहीं मिलती अब

कभी 24 इंची देशी साइकिलें भी खूब बिका करती थीं। लेकिन अब न ही 24 इंची साइकिलें बनती हैं और न ही बिकती हैं। साइकिल कम्पनी सिर्फ ऑर्डर पर 24 इंची साइकिलें बनाती हैं। अब 20 और 22 इंची साइकिलें ही दिखाई देती हैं। आज से 20-25 साल पहले 24 इंची साइकिलों की डिमांड थी।

### मरम्मत करने वाले भी नहीं रहे

साधारण (देशी) साइकिलों की बिक्री घटी, तो इनकी मरम्मत करने वाले मिस्त्री भी दुकानें बंद करने को मजबूर हुए हैं। रेंजर साइकिलों की मरम्मत और साधारण साइकिलों की मरम्मत में जमीन-आसमान का अंतर है, जो मिस्त्री खुद को रेंजर साइकिलों की मरम्मत के लिये अपडेट नहीं कर पाये, उनकी दुकानें पिछले वर्षों में तेजी से बंद हुई हैं।

## न्यूरो केयर फिजियोथैरेपी क्लीनिक का शुभारंभ

**बिजनौर ( चिंगारी )**। शहर के रोनक कॉम्प्लेक्स, बुखारा रोड, बिजनौर में न्यूरो केयर फिजियोथैरेपी क्लीनिक का उद्घाटन किया गया। क्लीनिक का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुँवरानी रुचि वीरा सांसद, मुरादाबाद द्वारा फीता काटकर किया गया। यह क्लिनिक हड्डियों, नसों एवं न्यूरो संबंधी रोगों के आधुनिक फिजियोथैरेपी उपचार हेतु खुला है। क्लीनिक का संचालन डॉ.आयशा मिर्ज़ा (पीटी), बीपीटी, एमपीटी (न्यूरो) पुत्री युनुस मिर्ज़ा द्वारा किया जा रहा है। डॉ.आयशा मिर्ज़ा ने बताया कि क्लिनिक में आधुनिक मशीनों एवं वैज्ञानिक पद्धति द्वारा मरीजों को बेहतर और सुरक्षित उपचार प्रदान किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में डॉ. एजाज शम्सी, खुशनूद खान, हाजी ज़हीर अहमद, मुबाशिर जमा खान, साइम राजा, इकबाल अहमद खान, खलील अहमद, कफील अहमद, मुहम्मद जावेद, आमिर फैज़, मौ. अमान खान, मौ. काशिफ, आतिफ एजाज़, असद मिर्ज़ा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"

के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना



"सिंदूरी"

योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-

★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए नि:शुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।

हमारी विशेषताऐं:-

1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।

हमारे अचीवर्स




BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road,Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928


# मन्नान बिजनौरी की पहली बरसी पर भव्य मुशायरे का आयोजन

## माहिर स्योहारवी व मैराज बिजनौरी अवार्ड से सम्मानित





**बिजनौर ( चिंगारी )**। हल्दौर क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर नैन सिंह निवासी प्रसिद्ध शायर मरहूम अब्दुल मन्नान बिजनौरी की पहली बरसी पर शायरी हाउस इंडिया की ओर से सिटी पैलेस बिजनौर में शानदार मुशायरे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन धन बचत चिट फंड के एमडी अब्दुल कय्यूम, डॉ. अज़हर, सपा नेता शेख ज़ाकिर हुसैन, कांग्रेस नेता हुमायूं बेग, सेल टैक्स के सेवानिवृत्त अधिकारी मोहम्मद अज़ीम तथा अब्दुल मन्नान बिजनौरी के दामाद ताजुद्दीन अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं शमा रोशन करके किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता खुर्शीद मोहसिन ज़ैदी ने की तथा संचालन शिक्षक नेता गय्यूर आसिफ एवं तहज़ीब अबरार ने संयुक्त रुप से किया। मारूफ शायर ताहिर सऊद ने मरहूम मन्नान बिजनौरी की शख्सियत और उनके फन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

मुशायरे के कंवीनर मुशब्बर हुसैन, शेख आदिल एवं बिलाल अहमद रहे। आयोजन समिति के परवेज़ अकील, अरबाब रहमानी, मिन्हाज अंसारी, मोहम्मद आबिद, मास्टर इरफान अख्तर, फैज़ान अख्तर एड., नायब रहमानी एड. व अनीस मलिक सहित अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का माल्यार्पण व बैज लगाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में उस्ताद शायर माहिर स्योहारवी एवं युवा शायर मेराज बिजनौरी को मन्नान बिजनौरी अवॉर्ड से नवाज़ा गया। अवार्ड के रुप में मोमेंटो के साथ 5-5 हजार रुपये की नकद राशि भी प्रदान की गई।

मुशायरे का आगाज़ इम्तियाज़ अज़हर की नाते पाक से हुआ। इसके बाद माहिर स्योहारवी, ताहिर सऊद, शफ़क बिजनौरी, आसिफ मिर्ज़ा, अमीर नहटौरी, डॉ. अतीक़ दानिश, आरिफ गांधी, मोहतरमा ज़हीन गुल, डॉ.मैराज बिजनौरी, इम्तयाज़ अज़हर, अहताशम तिशना, डॉ. रहमान एहसास, आरिफ आरज़ू, बहार आलम बहार, जावेद मंडावरी, अब्दुल समद आज़ाद, मरगूब रहमानी, डा.दानिश, मुरसलीन सालार आदि शायरों ने अपना कलाम प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम में पुलिस विभाग से रिटायर्ड मोहम्मद अय्यूब, बरकत अंसारी, ग़ज़फ्फ़र हुसैन, फुरकान अहमद, सेल टैक्स अधिकारी सरदार अहमद, जावेद गुड्डू, मोहम्मद उस्मान ठेकेदार, मोहम्मद असलम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म ने हज आजमीनों को काबा मॉडल से ट्रेनिंग दी




नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पालिका परिषद नजीबाबाद के चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम द्वारा पिछले 24 सालों से लगवाए जा रहे हज आजमीनों के ट्रेनिंग कैम्प के तहत इस साल भी रविवार को नगर के कासमिया इंटर कॉलेज में 25 वें शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हज आजमीन को काबा के मॉडल से ट्रेनिंग दी गई तथा टीके लगवाये गए। चेयरमैन इंजी.मुअज्जम ने हज आजमीन को हज अदा करने का तरीका बताया। चेयरमैन द्वारा जिले भर से आये हज आजमीन को एलईडी पर हज की ट्रेनिंग दी गई। शिविर की निजामत मुफ्ती जावेद कासमी व फजीलत मुफ्ती जावेद कासमी ने की। मदीने का बयान मास्टर खुर्शीद राईन ने किया। उमरा बयान इंजीनियर मुअज्जम ने किया। हज के 5 दिन के बारे में इंजीनियर मुअज्जम ने जानकारी दी। सवाल मुफ्ती असरार ने हल किये। जिस पर जिले भर से आये सभी हज आजमीनों ने चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम व उनके बेटे सहल खान व पूरी टीम को दुआओं से नवाजा। कैम्प के समापन पर मौलाना असलम कासमी ने शहर की तरक्की व अमनो अमान की दुआ कराई। शिविर में चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम, अब्बास खान, सहल खान की टीम में मुफ्ती मोहम्मद जावेद, मौलाना मोहम्मद असलम, मौलाना मोहम्मद लियाकत, मुफ्ती असरार अहमद, खुर्शीद अहमद, हाजी अनीस सलमानी, राशिद हुसैन, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद आसिफ, मौलाना मुख्तार, अनीस अहमद, नसीम अहमद, इनामुल हक, इरशाद अहमद, अनवर अहमद, शानू सैफी, हुसैन रशीद, अदनान अंसारी, अजमल खान, नसीम अहमद, इकबाल हिंदुस्तानी, निसार सलमानी, लकी सैफी, अली मुर्तजा, मोहम्मद फरदीन, हाजी रिजवान, मौ. परवेज, इकरार सैयद, निसार अहमद, हाशिम अंसारी, गौरव कुमार, मौ. अनस, सोनू कुमार, दानिश, अनीश, मौ. फराज, मौ. फैसल, मौ. अजीम, नासिर कुरैशी, मोनू कुरैशी, मौ. जाकिर, यूनुस कुरैशी, जाकिर सिद्दीकी, इमरान अंसारी, वहाब, चिंटू मौ. महताब, अजमल खान, मौ. हनीफ, पवन कुमार, विजय सिंह, मौ. सलीम, मोइन कुरैशी, मौ. कासिम, शमशाद आलम, मिस्त्री आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनायेंगे होली का त्यौहार, भव्य होगा सूखे रंग का जुलूस इस बार



नगीना (चिंगारी)। होली के पावन पर्व पर दुल्हैंडी के दिन निकलने वाले सूखे रंग (गुलाल) का जुलुस इस बार चार मार्च को भव्यता के साथ निकलेगा। रविवार की दोपहर 'हवन होली रंग गुलाल समिति' की एक बैठक समिति के संरक्षक प्रभातचंद गुप्ता के आवास पर समिति के अध्यक्ष व भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान की अध्यक्षता व समिति के मंत्री दीपक अरोडा के संचालन में सम्पन्न हुई। बैठक में आने वाले होली पर्व पर निकलने वाले सूखे रंग (गुलाल) के जुलुस को लेकर विचार विमर्श किया गया। समिति के अध्यक्ष प्रमोद चौहान ने बैठक में कहा की हमें सांप्रदायिक सौहार्द रखते हुए अपने पर्व को गत वर्षो की तरह उत्साहपूर्वक मनाना है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी जुलुस पुरे उत्साह व उमंग के साथ निकाला जायेगा। जुलुस में हास्य विनोद के लिए कुछ नई चीजों को शामिल किया जायेगा। बैठक में आगामी वर्ष 2026-27 के लिए समिति की कार्यकारणी की घोषणा की, जिसमे संरक्षक - प्रभातचंद गुप्ता, अनिल गुप्ता 'बंधु', विनोद अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, संजय वर्मा, हेमंत चौहान,सुशील गुप्ता, अध्यक्ष -प्रमोद चौहान, उपाध्यक्ष -सौरभ मित्तल, शलभ गोयल, मंत्री- दीपक अरोड़ा, कोषाध्यक्ष -विनय अग्रवाल, प्रचार मंत्री -ओमपाल सैनी, सचिन शर्मा, अभिषेक अग्रवाल, धर्मेंद्र राठी, अरुण शर्मा, लवी मित्तल, पवन काम्बोज को बनाया गया। इसके अतिरिक्त 61 लोगो को समिति का सदस्य व 21 लोगो को समिति का विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया।



# कांग्रेस नेता ने बूथ पर बीएलओ के साथ मतदाताओं के फार्म भरवाए

नजीबाबाद (चिंगारी)। कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह के निर्देश पर नजीबाबाद कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी ने एसआईआर के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को राजकीय इंटर कॉलेज बूथ पर पहुंचकर बीएलओ के सहयोग से काफी संख्या में मतदाताओं के फार्म नम्बर-6 भरवाये। कांग्रेस नेता अमजद सिद्दीकी ने 18 साल की आयु पूरी कर चुके सभी युवाओं से अपने वोट जल्दी से जल्दी बनवाने तथा जिन मतदाताओं ने अभी तक नोटिसों का जवाब नहीं दिया है उनके जल्दी ही नोटिसों का साक्ष्य के साथ जवाब देने की अपील की है।

## तुरन्त आवश्यकता

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये
➤अलमीरा कारीगर- 10
➤पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
➤सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2
सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177

# पुलिस ने गश्त कर चलाया चेकिंग अभियान



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। कांवड़ मेला सकुशल सम्पन्न होने के बाद मंडावली पुलिस एक्शन में आ गई। पुलिस चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्धों पर नजर रख रही है। शिवरात्रि का त्यौहार सकुशल हुआ सम्पन्न होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली है। मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने अपनी पुलिस टीम के साथ कांवड़ मेले को सकुशल सम्पन्न कराया। मेला सम्पन्न होने के बाद मंडावली पुलिस ने क्षेत्र में गश्त कर गतिविधियों पर नजर रखी। थाना प्रभारी ने एसएसआई योगेंद्र सिंह व पुलिस टीम के साथ सोमवार को सुबह क्षेत्र के पेट्रोल पंप, बैंक, मुख्य चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने संदिग्ध लगने वाले व्यक्तियों की तलाशी ली।

जिले का पहला एवं एकमात्र
Sports Injury & Joint Replacement Centre
भगवती ऑर्थोपेडिक
एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी हॉस्पिटल
डॉ. मनु अग्रवाल
M.B.B.S., M.S. FITS, (Banglore)
FiAS, FIJR (JAIPUR)
-सुविधाएं-
1. घुटने की गद्दी (MENISCUS) फटना
2. लिगामेंट का टूटना (ACL/PCL)
3. पुरानी चोट या आप्रेशन की वजह से घुटना ना मुंढना
4. कंधे का बार-बार उतरना (SHOULDER DISLOCATION) 5. कंधे की नस का दबना या फट जाना (Rotator Cuff Tear) 6. कुल्हे का बदलना (DAA) /घुटने का बदलना (विदेशी Implant के साथ)
7. टूटी हड्डियों का Operation (Titanium Implant से किया जाता है।
निम्न बीमारियों का आप्रेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी होता है।



रविवार अवकाश
समय प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक सायं 6 बजे से 7 बजे तक
पता- निकट रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9829211842, 8218989411

## एक रोजा इस्लाही तरबियती इजलास आज

नजीबाबाद (चिंगारी)। जमीयत उलेमा नजीबाबाद की जानिब से नगर के मौहल्ला पठानपुरा स्थित सक्को वाली मस्जिद में रमजानुल मुबारक की आमद के मौके पर रोज़ा, ताराबीह, जकात, वगैरा के मसाईल की रहनुमाई के लिए एक रोज़ा इस्लाही तरबियती इजलास का आयोजन 16 फरवरी को बाद नमाजे ईशा सवा आठ बजे किया जाएगा। यह जानकारी मौलाना इम्तियाज ने दी।

## सूचना

मेरी बी. फार्मा द्वितीय वर्ष की मार्कशीट/अंक तालिका जिसका रोल न. 1884550010 एनरोलमेन्ट न.188455057225 यूनिवर्सिटी डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी व इन्स्टिट्यूट कृष्णा फार्मेसी कॉलेज बिजनौर वास्तव में कहीं खो गई है।
-आतिफ खान सूरी पुत्र अकरम खान सूरी, निवासी मौहल्ला मुनीरगंज, नजीबाबाद जिला बिजनौर

# हल्दौर में चल रहा मिट्टी का अवैध खनन नियमों और मानकों का हो रहा हनन

## भाजपाइयों ने पकड़ी ट्रैक्टर-ट्राली

**हल्दौर (चिंगारी)। नगर में मानको को ताक पर रखकर मिट्टी के खनन का खेल जारी है।**

रविवार की अपराह्न यहां थाने के सामने स्थित कालोनी के प्लाट में हो रहे मिट्टी भराव के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष चौहान, भाजपा युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष कुश चौहान, दर्पण रावल, प्रदीप कुमार मस्ता आदि भाजपा नेताओं ने मौके पर पहुंचकर मिट्टी का भराव कर रही एक ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ लिया और थाना पुलिस को बुलाकर सौंप दिया। उनका कहना था कि मिट्टी का खनन और भराव मानको के अनुरुप नहीं चल रहा है। परमिशन की आड़ में परमिशन की गाइडलाइंस की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। खनन में कमर्शियल वाहनों की जगह कृषि के ट्रैक्टर-ट्राली लगे हुए हैं, वह भी बिना नंबर प्लेट के चल रहे हैं। साथ ही मिट्टी से ओवरलोडेड व बिना मिट्टी ढके ही ट्रैक्टर ट्रॉलियों से खनन हो रहा हैं, जो राजस्व हानि के साथ-साथ आम जनता की परेशानी का सबब भी बना हुआ है। उक्त भाजपा नेताओं ने इस मामले को जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, खनन अधिकारी व तहसीलदार आदि को अवगत कराये जाने की बात कही है। उधर थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार का कहना है कि कानूनगो की वैध ट्रैक्टर-ट्राली होने की रिपोर्ट के आधार पर देर शाम ट्रैक्टर-ट्राली को छोड़ दिया गया है।



मिट्टी का भराव कर रही ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष चौहान आदि

# कांवड़ मेला सकुशल सम्पन्न, क्षेत्रवासियों ने अधिकारियों की प्रशंसा की

**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)।** महाशिवरात्रि के कांवड़ मेले में शासन- प्रशासन के अधिकारियों ने अपनी पूरी नजर रख कांवड़ मेले को सकुशल सम्पन्न कराया। जिलाधिकारी जसजीत कौर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के कुशल नेतृत्व में पुलिस-प्रशासन ने अलर्ट रहते हुए अपनी ड्यूटी की। एसपी सिटी कृष्ण गोपाल सिंह, एसडीएम शैलेंद्र कुमार, सीओ नितेश प्रताप सिंह व अन्य अधिकारियों की कांवड़ मेले को सकुशल सम्पन्न कराने में अहम भूमिका रही। टीएसआई रवि नैन ने काफी मेहनत से ट्रैफिक कंट्रोल कर कांवड़ियों की राह को आसान बनाया। मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार लगातार भ्रमण करते रहे। एसएसआई योगेंद्र सिंह, मोटा महादेव पुलिस चौकी इंचार्ज सोनू सिंह, भागूवाला पुलिस चौकी इंचार्ज संजय कुमार, एसआई देवपाल सिंह, एसआई राहुल तेवतिया, एसआई दयानंद आदि पुलिस टीम ने क्षेत्र में गश्त कर कांवड़ मेले को सकुशल संपन्न कराया। मोटा महादेव मंदिर पर स्वास्थ्य कैंप का भी शिवभक्तों को लाभ मिला। मंदिर के पुजारी शशिनाथ ने बताया कि इस वर्ष कांवड़ियों की संख्या लगभग 4 लाख के आस-पास रही होगी। सभी ने बड़े ही श्रद्धाभाव के साथ कांवड़ लाकर जलाभिषेक किया। क्षेत्र के डॉ. चरण सिंह, राजकुमार अग्रवाल उर्फ पप्पू लाला, जोनी, सुनील त्यागी, पवन त्यागी, पंकज त्यागी, भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, अनुज चौधरी, नरेश कर्णवाल, पुनीत चौहान, राजकुमार प्रजापति, नौबहार सिंह, कपिल कुमार आदि ने कांवड़ मेले को सकुशल सम्पन्न कराने पर प्रशासनिक अधिकारियों की प्रशंसा की।

## रमज़ान मुबारक के महीने का एहतराम करें: मुफ़्ती गुफ़रान

**नजीबाबाद (चिंगारी)। मस्जिद मकबरा नवाब नजीबुद्दौला कमेटी की रमजान के मुबारक महीने की तैयारी को लेकर एक मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें रमजान माह में नमाजियों को किसी भी तरह की कोई असुविधा ना हो इस पर भी विचार किया गया। मस्जिद के इमाम मुफ्ती मोहम्मद गुफरान ने बताया कि पहले की तरह इस बार भी बारहवीं शब में कुरान करीम खत्म होगा। मुफ्ती ने सभी मुसलमानों से अपील की है कि वह रमजान का एहतराम करें, रोजों व तरावीह का एहतिमाम करें, अपने आस पड़ोस में रहने वाले गरीबों व कमजोरों का खास ख्याल रखें। इस मोकै पर मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी,. सेक्रेटी मोनू टाटा, खजांची सलीम अहमद, राशिद खान, नायब सदर फय्याज अहमद, आशू , बाबर खान, बिट्टू सिद्दीकी, मौ. फैसल, नसीम अहमद आदि मौजूद रहे।**

# पुलिस परिवारों के बच्चों को परीक्षा के दौरान तनावमुक्त रहने के गुर बताये

## पुलिस लाइन में कार्यशाला का आयोजन

**बिजनौर (चिंगारी)।** आगामी परीक्षाओं के दौरान पुलिस परिवारों के बच्चों को तनावमुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए रिजर्व पुलिस लाइन में वामा सारथी उ.प्र. पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम वामा सारथी की अध्यक्षा श्रीमती रिया झा-पत्नी पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस परिवारों के बच्चों को मानसिक रूप से सशक्त बनाना और परीक्षा अवधि में तनावमुक्त वातावरण प्रदान करना रहा। कार्यशाला में आकाश इंस्टीट्यूट, बिजनौर के वरिष्ठ फैकल्टी सदस्यों ने बच्चों के साथ संवाद कर उन्हें परीक्षा की बेहतर तैयारी के गुर बताए। मार्गदर्शन सत्र में विष्णु सिंह (हरिद्वार), सुमेर सिंह (हरिद्वार), श्रीमती तनु राजपूत (बिजनौर), विवेक कुमार (बिजनौर), चम्पत सिंह, विवेक कुमार एवं अंकुल कौशिक ने परीक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञों ने तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन और एकाग्रता बढ़ाने के व्यावहारिक उपाय बताए। बच्चों को सकारात्मक सोच अपनाने और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया गया। इंटरएक्टिव सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया और अध्ययन की प्रभावी रणनीतियों पर मार्गदर्शन लिया। कार्यक्रम के अंत में विशेषज्ञों ने परीक्षा के दौरान मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरणादायी संदेश दिये। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक देवेंद्र सिंह सिकरवार, उपनिरीक्षक अशोक तोमर, आकाश इंस्टीट्यूट के फैकल्टी सदस्य, वामा वॉलेंटियर्स और वामा सारथी के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



# अंतिम समय तक रिवीजन में ना लगें- पंकज शर्मा

### परीक्षा के टिप्स



**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)।** आगामी माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में छात्र-छात्राओं को किस तरह तैयारी करनी है और किस प्रकार तनाव मुक्त रहना है। यह सवाल सभी छात्र-छात्राओं के दिमाग में रहता है, कैसे तैयारी करें। बच्चे पढ़ाई के आगे स्वास्थ्य पर भी ध्यान नहीं दे पाते हैं। बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता का भी यही सवाल है। बच्चों को किस प्रकार से तैयारी करनी है, किस प्रकार से प्रश्न-पत्रों को हल करना है और किस प्रकार अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना है। राजकीय इंटर कॉलेज भागूवाला के प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने चिंगारी के कुछ सवालों का जवाब देते हुए अपने सुझाव दिए।

**चिंगारी-** बोर्ड की परीक्षा नजदीक है, ऐसे में बच्चों के लिए क्या सही है?

**उत्तर-** बोर्ड परीक्षा भी एक आम परीक्षा की तरह ही है यह बच्चों के अभ्यास की परीक्षा है उनके जीवन की नहीं, सहज रहें, विनम्रता के साथ परीक्षा दें।

**चिंगारी-** परीक्षार्थी तनावमुक्त कैसे रहें?

**उत्तर-** प्रतिदिन व्यायाम, योग-प्राणायाम के द्वारा अपने आपको शांत रखें। अंतिम समय तक रिवीजन में न लगे रहें, रात में अच्छी नींद लें। परीक्षा से पूर्व परीक्षा के बाद अपने साथियों से परीक्षा से संबंधित डिस्कशन न करें।

**चिंगारी-** परीक्षा के दौरान समय प्रबंधन का किस तरह ध्यान रखा जाए?

**उत्तर-** प्रश्न पत्र मिलते ही उसको हल करना शुरू न करें। बोर्ड द्वारा 15 मिनट केवल आपके प्रश्न-पत्र को अच्छे से पढ़ने के लिए और योजना बनाने के लिए दिए जाते हैं, सभी प्रश्नों को भलीभांति पढ़कर उनके उत्तर अंकों के अनुसार ही नियमित शब्दों में लिखें। सर्वप्रथम आसान प्रश्नों को हल करें। कठिन प्रश्नों पर समय बर्बाद न करते हुए आगे बढ़े।

**चिंगारी-** उत्तर पुस्तिका में किस प्रकार से प्रश्नों के उत्तर दें।

**उत्तर-** प्रश्नों का उत्तर स्पष्ट केंद्रित और मुख्य बिंदु पर आधारित होना चाहिए। अनावश्यक न लिखें। मुख्य बिंदुओं में उदाहरण, लेखक- कवि का नाम सही लिखे।

**प्रस्तुति- मोहित कर्णवाल, मंडावली**




# उत्तराखण्ड में चलेगा व्यापक सत्यापन अभियान

## डीजीपी ने जारी किये निर्देश



**नैनीताल ( चिंगारी )।** उत्तराखंड के डीजीपी दीपम सेठ ने बड़े पैमाने पर निर्देश जारी किये हैं। अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिक, घुसपैठियों, बांग्लादेशी तथा संदिग्ध बाहरी व्यक्तियों को चिन्हित कर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु सघन सत्यापन प्रारंभ किया गया है। यह विशेष अभियान प्रदेश के सभी जनपदों में सर्किल, थाना एवं चौकी स्तर पर संचालित किया जाएगा।

अभियान के अंतर्गत मल्टी स्टोरी अपार्टमेंट्स, आश्रम, धर्मशालाएं, किराये के मकान, फ्लैट, पीजी, होम-स्टे, होटल एवं गेस्ट हाउस में निवासरत व्यक्तियों का verification किया जाएगा। प्रॉपर्टी डीलर, रियल एस्टेट एजेंट एवं ब्रोकर का सत्यापन सुनिश्चित किया जाएगा तथा उनके माध्यम से कराए गए किरायेदारी अनुबंधों की जांच की जाएगी। बिना पुलिस सत्यापन किरायेदारी कराने अथवा संदिग्ध व्यक्तियों को आश्रय देने पर विधिसम्मत कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। होम डिलीवरी सेवाओं, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जुड़े डिलीवरी एजेंटों, सिक्योरिटी एजेंसी स्टाफ, कैब संचालकों तथा इंडस्ट्रियल एरिया में ठेकेदारों का विशेष सत्यापन अभियान चलाया जाएगा- Amazon, Zomato, Blinkit सहित विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं से संबद्ध कार्मिकों की पहचान एवं सत्यापन प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रदेश के समस्त रिहायशी क्षेत्रों, मॉल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सर्विस सेंटर, कोचिंग संस्थान, जिम, स्कूल, विश्वविद्यालय, ट्रांसपोर्ट एजेंसियों, ब्यूटी पार्लर एवं सैलून आदि प्रतिष्ठानों में High Resolution सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता, उनकी कार्यशील स्थिति एवं रिकॉर्डिंग व्यवस्था का परीक्षण किया जाएगा। तैनात सुरक्षा कर्मियों का चरित्र सत्यापन कर उन्हें आवश्यक सुरक्षा ब्रीफिंग प्रदान की जाएगी। क्षेत्रों में निवासरत एकल नागरिकों एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हीकरण कर उनकी सुरक्षा व्यवस्था का मूल्यांकन किया जाएगा। उनकी सेवा में लगे घरेलू सहायकों, केयर-टेकर, ड्राइवर एवं अन्य सहयोगी कार्मिकों का भी अनिवार्य सत्यापन सुनिश्चित किया जाएगा।

**" पुलिस महानिदेशक ने कहा कि उत्तराखण्ड पुलिस का यह व्यापक अभियान महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं स्थानीय निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। पूरे अभियान की मॉनिटरिंग के साथ-साथ हर स्तर पर जवाबदेही तय की गई है। आपराधिक तत्वों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।**

# शिव महापुराण कथा के समापन पर कराई चार प्रहर की पूजा

## रूद्राभिषेक भी कराया



रुद्राभिषेक कराते हुए महंत राधेश्याम व्यास जी महाराज, आचार्य शशिकांत वशिष्ठ।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मौहल्ला साहूवान स्थित श्रीराम मंदिर आश्रम में सनातन उत्थान सेवा संघ के तत्वावधान में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमयी शिव महापुराण कथा के पश्चात कथावाचक महंत राधेश्याम व्यास महाराज एवं उनके उत्तराधिकारी आचार्य शशिकांत वशिष्ठ ने भगवान भोलेनाथ की चार प्रहर की पूजा और रुद्राभिषेक कराया जिसमें मुख्य यजमान के रूप में सौरभ वशिष्ठ एवं प्रियंका वशिष्ठ, कानपुर से पधारे रघुराज राठौर, पदमा देवी बहादुरगढ़ से पधारे मनोज कुमार, नेहा देवी, सोनीपत से पधारे कृष्ण कुमार संध्या देवी,जालौन से पधारे प्रसन्नानंन मिश्री भारती मिश्री ने विधिवत रात्रि के चार प्रहर की पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक किया। आयोजन को सफल बनाने में सुमित अवस्थी, राजेंद्र प्रसाद अग्निहोत्री, पं. रमेश शंकर तिवारी, राकेश मिश्रा सहित अनेक श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर महंत राधेश्याम व्यास जी महाराज ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व के दौरान भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के साथ रात्रि में चार पहर की पूजा अर्चना और रुद्राभिषेक करने से भगवान भोलेनाथ अपने भक्तों से प्रसन्न रहते हैं।

# गांव से इलाज कराने आई, सड़क के किनारे छोड़ गया भाई

## ✦डॉ. एनपी सिंह ने अस्पताल में भर्ती कराया ✦एसडीएम ने दिये सहायता के निर्देश



**धामपुर ( चिंगारी )।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जब नगर-क्षेत्र शिवभक्ति और जयकारों से गूंज रहा था, उसी वक्त धामपुर की एक सड़क पर इंसानियत कराह रही थी। स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव मंडोरी निवासी 21 वर्षीय निशु पुत्री भूरे को कथित तौर पर इलाज के बहाने धामपुर लाया गया और बाद में सड़क किनारे नाले के पास लाचार अवस्था में छोड़ दिया गया। गंभीर बीमारी से पीड़ित युवती देर तक वहीं पड़ी रही। राहगीरों की नजरें उस पर पड़ीं, लोग ठिठके, भीड़ भी लगी लेकिन मदद के लिए हाथ देर से आगे बढ़े।

परिजनों के अनुसार निशु बीते लगभग एक वर्ष से गंभीर बीमारी से जूझ रही है। सीमित आय और बढ़ते इलाज खर्च के बीच परिवार की स्थिति लगातार कठिन होती गई। बताया गया कि युवती का पिता धामपुर के एक निजी अस्पताल में काम कर परिवार का पालन-पोषण करता है, परंतु उपचार की निरंतरता और खर्च वहन करना उसके लिए संभव नहीं हो पा रहा था। पारिवारिक तनाव और आर्थिक दबाव के बीच रिश्तों में दरार बढ़ती चली गई। पीड़िता के अनुसार, उसका भाई नशे का आदी है और उसी ने इलाज कराने के बहाने उसे घर से बाहर ले जाकर धामपुर में सड़क किनारे छोड़ दिया।

बीमारी से जर्जर देह और कमजोर आवाज के साथ निशु घंटों सड़क किनारे पर पड़ी रही। राहगीरों का आना-जाना लगा रहा, कुछ देर के लिए लोग रुके, आपस में बातचीत की पर तत्काल सहारा देर से मिला। अंततः किसी संवेदनशील व्यक्ति ने समाजसेवी चिकित्सक डॉ. एन.पी. सिंह को सूचना दी। सूचना मिलते ही डॉ. सिंह मौके पर पहुंचे और युवती को अपनी गाड़ी से नगीना मार्ग स्थित श्रीराम सर्वोदय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार युवती की हालत गंभीर थी, लेकिन समय पर चिकित्सा सहायता मिलने से उसकी स्थिति में सुधार के संकेत मिले हैं। अस्पताल प्रशासन की निगरानी में उपचार जारी है।

प्रकरण की जानकारी मिलने पर उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पीड़िता को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रशासनिक पहल के तहत तहसीलदार धनराज कुमार और पटवारी प्रभात कुमार ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

बाद में बेहतर प्राथमिक उपचार के पश्चात पीड़िता को सरकारी एंबुलेंस से उसके घर भिजवाया गया। प्रशासन की ओर से आगे के उपचार, आवश्यक सहायता और पुनर्वास को लेकर भी कदम उठाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

# शिवभक्त इस बार भी नहीं जा सके संभल पुलिस ने पास के मंदिर में ही चढ़वाया जल

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर की सामाजिक संस्था श्री गणेश चौथ समिति की ओर से संभल के हरिहर नाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में जल चढ़ाने के लिए रवाना हुए कार्यकर्ताओं को पुलिस ने स्योहारा मार्ग स्थित रानी बाग पुलिस चौकी पर ही रोक लिया।

इस दौरान उनमें और पुलिसकर्मियों के बीच नोक झोंक तथा कहा सुनी भी हुई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने उनको किसी प्रकार समझा बुझा कर शांत किया और बाद में गन्ना समिति परिसर स्थित शिव मंदिर में ले जाकर जल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कराया।



हरिहर मंदिर, संभल में जलाभिषेक करने जाते कार्यकर्ता।

पिछले कई वर्षों की परंपरा के अनुसार श्री गणेश चौथ समिति के संयोजक विजय कुमार जैन एवं सहसंयोजक गौ रक्षक संयम कुमार जैन के नेतृत्व में शिव भक्तों का जत्था रविवार को भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करने के लिए धामपुर से हरिहर नाथ मंदिर, संभल के लिए रवाना हुआ। इसकी सूचना पाते ही कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह सहयोगी पुलिस कर्मियों के साथ स्योहारा मार्ग पर पहुंचे तथा शिव भक्तों के इस जत्थे को रानी बाग पुलिस चौकी के पास रोक लिया और शिव भक्तों हिंदू में लेकर पुलिस चौकी पर ले आई। इस मौके पर समिति के संयोजक विजय कुमार जैन ने कहा कि संभल में हरिहरनाथ मंदिर को भगवान विष्णु का मंदिर माना जाता है, लेकिन वर्तमान में वहां एक मस्जिद बनी हुई है। विभिन्न हिंदू संगठनों द्वारा पिछले कई वर्षों से सरकार से यह मांग की जा रही है कि वह हिंदुओं को संभल के इस संबंधित स्थान को मुक्त कराकर पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक करने की अनुमति प्रदान करे लेकिन हिंदू संगठनों की इस मांग को आज तक पूरा नहीं किया गया। उन्होंने पुलिस द्वारा शिव भक्तों को गिरफ्तार करने पर भी आक्रोश जताते हुए हुए एक बार पुन: घोषणा की है कि वह पुन: शिव भक्तों के साथ श्रावण मास में जलाभिषेक करने के लिए संभल रवाना होंगे। जत्थे में शामिल शिव भक्तों में प्रमुख रूप से वीरेंद्र कारीगर, अक्षत रस्तौगी, पुष्पेंद्र सैनी, पवन सैनी, अजय राजपूत, अंकित ठाकुर, यश शर्मा, अनु वर्मा, सत्येंद्र फलोदी आदि अनेक शिव भक्त शामिल रहे।

# शिव मंदिर में हुई भजन संध्या

**धामपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ला खातियान स्थित सुनारों वाले शिव मंदिर मैढ़ सभा में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने भजन संध्या का आयोजन करके मंदिर परिसर को शिव मय बना दिया। सुमन वर्मा, नीलम वर्मा, नमीता वर्मा, उमा वर्मा, गजनी सिंह, दीपा वर्मा, रचना शर्मा, चाहत वर्मा ने मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। सोमवती द्वारा 'भोले की आई है बारात नगर में शोर हुआ भारी' भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर ज्योति वर्मा, रेनू वर्मा, शालिनी वर्मा, ममता वर्मा, निशा वर्मा, रुक्मणी वर्मा, उर्मिला वर्मा, रेनू तोमर, सीमा सिंह, सोमवती, प्रेमवती तथा अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेश वर्मा का योगदान रहा।

# बस की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**चांदपुर ( चिंगारी )। रोडवेज बस व मोटरसाइकिल के बीच हुई भिड़ंत में मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।**


फाइल फोटो

ग्राम केलनपुर निवासी दुष्यंत कुमार (40 वर्ष) कल शाम मोटर साइकिल से धनौरा से वापस अपने घर जा रहा था। चांदपुर-गजरौला रोड पर नहर पर चांदपुर की ओर से जा रही रोडवेज बस यूपी 23 एटी 6244 द्वारा मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिये जाने से मोटरसाइकिल सवार दुष्यंत कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक दुष्यंत कुमार की पत्नी विनीता ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि रोडवेज बस चालक लटूर पुत्र नत्थू पर लापरवाही व तेजगति से बस चलाकर उसके पति की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिससे उसके पति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रोडवेज बस चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## नौकरी लगवाने के नाम पर तीन लोगों से 17 लाख ठगे

**चांदपुर ( चिंगारी )।** एक व्यक्ति ने तीन लोगों पर नौकरी लगवाने के नाम पर उससे 17 लाख रूपए ले लेने तथा पैसे वापस मांगने पर उसके साथ गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के ग्राम खानपुर निवासी अंकित कुमार पुत्र विनोद कुमार ने बताया कि जून 2023 में लोमनाथ, रूपेन्द्र व पिन्टू ने उससे कहा कि वीडीओ और वन विभाग में भर्ती हो रही है, हम उसमें नौकरी लगवा देंगे, जिसके लिए उससे 17 लाख रूपए मांगे गए थे। अंकित ने बताया कि उसने अपनी जमीन बेचकर व कर्ज पर पैसे लेकर इन लोगों को दे दिये, जब पदों की फाइनल लिस्ट आई तो उसमें उसका नाम नही था, उसने इन लोगों से अपने 17 लाख रूपए वापस मांगे तो शुरू में तो यह वादे करते रहे, लेकिन उसके पैसे वापस नहीं किये तथा पैसे मांगने पर उसके साथ गाली-गलौच की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# स्टैण्ड के बिना समस्या बड़ी रिक्शाएं कहां हों खड़ी ?

## ई-रिक्शा खड़ी करने को लेकर चालकों और दुकानदारों में हुई तकरार



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** बादीगढ़ चौराहे पर दुकानों के सम्मुख ई-रिक्शा खड़ी करने को लेकर रविवार की शाम कुछ ई-रिक्शा चालकों एवं कई दुकानदारों में जुबानी तकरार हो गई। पुलिस तक भी बात पहुंची, मगर बाद में ई-रिक्शा चालकों एवं दुकानदारों में आपसी सहमति बन जाने उपरांत समझौता हो गया। दिन-प्रतिदिन अतिव्यस्त होते जा रहे बादीगढ़ चौराहे पर ई-रिक्शाओं की संख्या भी हर रोज बढ़ती जा रही है, मगर उनके खड़े होने का कोई निश्चित स्टैंड नहीं है। सवारी नहीं मिल पाने की स्थिति में चालक अपनी ई-रिक्शाओं को इधर-उधर खड़ी रखते हैं। दुकानों के सामने ई-रिक्शा खड़ी होने पर दुकानदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसी बात को लेकर रविवार की शाम कुछ ई-रिक्शा चालकों एवं दुकानदारों के बीच तू-तू, मैं-मैं हो गई। इस संबंध में थाना रेहड़ के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति के तहत समझौता हुआ है।

## श्रद्धापूर्वक मनाई गई महाशिवरात्रि

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** रविवार को क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर भगवान शंकर के जय-जयकारों के साथ जलाभिषेक किया। कासमपुर गढ़ी, सीरवासुचंद व मानियावाला सहित क्षेत्र के अनेक मंदिरों में भोले के भक्तों की भीड़ रही, जहां उन्होंने विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना कर श्रद्धापूर्वक शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। महाशिवरात्रि का यह पर्व हिन्दू धर्म का महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है।



# भोले के जयकारों से गूंजा तीतरवाला का गौरी-शंकर मंदिर

**मण्डावर ( चिंगारी )।** महाशिवरात्रि पर्व पर रविवार को तितरवाला स्थित गौरीशंकर मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। महादेव बम-बम भोले के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। आधी रात से ही मंदिर के बाहर शिवभक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। लोगों ने घंटों लाइन में खड़े होकर अपनी बारी आने का इंतजार किया। बारी आने पर भक्तों ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर उन्हें बेलपत्र, फल, फूल, धतूरा, दूध अर्पित कर जलाभिषेक किया। मान्यता है कि इस मंदिर पर जलाभिषेक करने से श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूर्ण होती हैं। इस मंदिर में स्वयंभू शिवलिंग हैं। आधी रात से ही श्रद्धालु अपनी कांवर चढ़ाने के लिये लाइन में लग गए। मण्डावर पुलिस की देखरेख में जलाभिषेक किया गया। महाशिवरात्रि पर मंदिर में नवविवाहित जोड़ों ने विवाह का कुडारा भी लगाया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर इस प्रसिद्ध मंदिर पर मेला लगा। मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी की। बड़ों ने गरमा गर्म जलेबी का आनंद लिया, वहीं बच्चों ने झूले का लुत्फ उठाया। महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में जागरण का आयोजन हुआ।

### मेले में बच्चों ने लिया ऊंट की सवारी का आनंद



## पिता के साथ गंगाजल लेने जा रहे पुत्र की दुर्घटना में मौत

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम उदयपुर निवासी पिता अर्जुन सिंह चौहान के साथ गंगाजल लेने बाइक द्वारा हरिद्वार गए 15 वर्षीय किशोर ऐतिक उर्फ एकान्त का शव पोस्टमार्टम के बाद रविवार को जब घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ऐतिक तीन बहनों का इकलौता भाई था। इस हादसे ने अर्जुन सिंह के परिवार को हिलाकर रख दिया। अर्जुन चौहान, ऐतिक को बाइक पर बैठाकर शनिवार को हरिद्वार से गंगाजल लेने जा रहे थे कि नजीबाबाद में हुई सड़क दुर्घटना में ऐतिक की मौत हो गई, जबकि पिता अर्जुन सिंह घायल हैं।


मृतक का फाइल फोटो

# ऋषि बोध उत्सव पर यज्ञ आयोजित किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** आर्य समाज बिजनौर में स्वामी दयानंद जी के ऋषि बोधोत्सव पर रविवार को साप्ताहिक यज्ञ के साथ विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यज्ञशाला में यज्ञ करने के बाद स्वामी दयानंद जी के चरित्र पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें आर्य समाज के प्रधान सहित आर्य सत्येंद्र सिंह, महेश अग्रवाल, योगेश कुमार, मा. राजपाल सिंह, रामप्रीत ठाकुर, अजय वशिष्ठ, विजेंद्र सिंह आर्य आदि ने स्वामी दयानंद जी के चरित्र से संबंधित व्याख्यान दिया, जिसमें उन्हें सब समाज का मार्गदर्शक बताया गया और निर्णय लिया गया कि स्वामी दयानंद जी के बताए मार्ग को प्रशस्त करने के लिए घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करते हुए आर्य समाज के प्रति प्रेरित किया जाए। पुरोहित के रूप में पंडित अनुपम शर्मा आर्य ने भी वेदों के प्रचार-प्रचार पर जोर दिया।

# मकतब में हुये सालाना इम्तेहान सम्पन्न

**स्योहारा ( चिंगारी )।** जामिउल क़ुरआन मुनज़्ज़म मकतब में आज दीनियात तथा हिफ़्ज़ नाज़िरा, पारा की वार्षिक परीक्षा सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा प्रात: आठ बजे से 11 बजे तक आयोजित की गई, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दीनियात की परीक्षा लेने के लिए हाजी वाली मस्जिद के इमाम, मौलाना मुफ़्ती उबैदुर्रहमान साहब विशेष रूप से पधारे। वहीं हिफ़्ज़ हिस्सा की परीक्षा हेतु मौलाना मुफ़्ती मुहम्मद ज़ीशान साहब तशरीफ़ लाए। परीक्षा के दौरान मकतब का वातावरण अनुशासित, आध्यात्मिक एवं अत्यंत प्रेरणादायक रहा। परीक्षकों ने विद्यार्थियों की तैयारी और प्रदर्शन की सराहना की। संस्थान की ओर से आशा व्यक्त की गई कि विद्यार्थी इसी प्रकार मेहनत और लगन के साथ दीन की तालीम हासिल करते रहेंगे। इस मौके पर मोहम्मद उवैस क़ासमी स्योहारावी, हाफ़िज़ शादाब आदि मौजूद रहे।



## 26 जनवरी को चोरी हुआ ट्रक बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**स्योहारा ( चिंगारी )।** पिछले माह मुहल्ला विरामपुर से एक ट्रक चोरी हो गया था। ट्रक स्वामी ने इस मामले में पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए ट्रक बरामद कर लिया है। स्योहारा के मुहल्ला इस्लामनगर निवासी मोहम्मद अरशद पुत्र मोहम्मद उमर का ट्रक 26 जनवरी को मुहल्ला विरामपुर से चोरी हो गया था। उन्होंने इस मामले में पुलिस को तहरीर थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए इसकी तलाश शुरु कर दी थी। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पुलिस जांच में दो आरोपियों के नाम सामने आए थे, इस पर पुलिस उनकी तलाश में लगी थी। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों फारूक पुत्र झब्बू निवासी गांव सरवरखेड़ा, थाना कुण्डा जनपद ऊधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड व सुल्तान पुत्र रिफायतुल्ला निवासी गांव ढकिया पीरू थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपियों के कब्जे से ट्रक बरामद कर लिया गया है। बताया कि उनके कब्जे से एक स्कूटी भी बरामद की गई है। इसकी भी जांच की जाएगी।

# नहर के किनारे सात गौवंश के शव मिलने से सनसनी



मौके पर मौजूद पुलिस बल

**स्योहारा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव लाम्बाखेड़ा के पास स्थित पोषक नहर के किनारे सात गौवंश पशुओं के शव मिलने से सनसनी फैल गयी। मौके पर पहुचें पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने पुलिस को जांच के निर्देश दिए। रविवार की अपरान्ह लगभग 3 बजे पुलिस को सूचना मिली कि पोषक नहर के किनारे 6 गौवंशीय पशुओं के शव पड़े है। सातवें गौवंशीय पशु के सिर्फ अवशेष ही मिले। बताया जा रहा है कि आस पास के गांवों से यहां मृतक पशुओं को डाला जाता है, लेकिन इतनी बड़ी संख्या में एक साथ गौवंशीय पशुओं के शव मिलना चर्चा का विषय बना हुआ है । प्रथमदृष्ट्या शवों को देख लगा कि कोई दस दिन पुराना शव है, कोई बीस दिन पुराना शव है। एक शव के अवशेष तथा 6 शव पूर्ण रूप से मिले। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पुलिस बल के साथ पहुचें और घटना की जानकारी आलाधिकारियों को दी। जिस पर उपजिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडे, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा मौके पर पहुंचे और पशु चिकित्सक टीम को बुलाया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस की निगरानी में सभी शवों को ससम्मान दफनाया गया।



पोस्टमार्टम के बाद शवों को दफनाने की प्रक्रिया कराती पुलिस।

## कहां से आए शव?

*एक ही स्थान पर सात गोवंशीय पशुओं का शव मिलना चर्चा का विषय बना हुआ है । पुलिस जांच मे जूट गयी है। आस पास के गांवों में और गोशालाओं में जानकारी की जा रही है कि कोई गौवंशीय पशु की मृत्यु तो नही हुई है। एक शव क्षत-विक्षत होने से अनुमान लगाया जा रहा है कि उसे किसी जंगली जानवर द्वारा खाया गया है अन्य शव पुर्ण रूप से मिले हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस स्थान पर मृतक पशुओं को डाला जाता है लेकिन अभी तक कभी भी इतनी बड़ी संख्या मे गोवंशीय पशुओं के शव नहीं मिले है । थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार का कहना है कि सभी पहलुओं पर पुलिस जांच कर रही है।*

# डा. राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा को मिला अल्ट्रासाउंड सेंटर चेक करने का अधिकार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.३ कौशलेंद्र सिंह ने स्वास्थ्य सुविधाओं को निरंतर बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में डॉ. कौशलेंद्र सिंह ने सीएमओ कार्यालय में कार्यरत अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए डॉ. के. के .राहुल को हटा कर डॉ. राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा को पीसीपीएनडीटी का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। डॉक्टर विश्वकर्मा की गिनती स्वास्थ्य विभाग के तेज तर्रार अधिकारी के रूप में की जाती है। डा. विश्वकर्मा अपनी साफ छवि और कुशल कार्य नेतृत्व के रूप में जाने जाते हैं।

## बनाए गए पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी



# किरतपुर के बर्तन व्यापारी राजीव अग्रवाल के बेटे की लखनऊ में दुर्घटना में मौत

**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर के प्रसिद्ध बर्तन व्यापारी राजीव अग्रवाल का छोटा पुत्र ध्रुव अग्रवाल लखनऊ में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा था। परसों रात लगभग एक बजे वह लखनऊ में अपने एक दोस्त के साथ मोटर साइकिल से कहीं जा रहा था। अचानक सामने से आ रहे ट्रक को तेज लाइटों के कारण वह ट्रक से टकरा गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना का पता चलते ही परिवार में कोहराम मच गया तथा शोक की लहर दौड़ गई। 23 वर्षीय ध्रुव के पार्थिव शरीर को लेने के लिए कल परिजन लखनऊ के लिए रवाना हो गए। उनके निवास पर शोक व्यक्त करने वालों की भारी भीड़ जमा हो गई। कल रात ध्रुव का पार्थिव शरीर किरतपुर पहुंचा। आज सुबह 8 बजे उनकी शवयात्रा में नगर व क्षेत्र के काफी संख्या में लोग शामिल हुए। गंगा बैराज पर अंतिम संस्कार किया गया।



फाइल फोटो

## ध्रुव को आज घर आना था

**राजीव अग्रवाल ने बताया ध्रुव ने शनिवार को एमबीबीएस का लास्ट पेपर दिया था तथा आज उसे अपने घर किरतपुर आना था, लेकिन नियति का खेल देखये कि एक दिन पहले उसका पार्थिव शरीर घर लाया गया। ध्रुव के निधन पर अरुण अग्रवाल भट्टे वाले, प्रमोद अग्रवाल रामा पेपर मिल, अरुण गोयल, सुरेंद्र अग्रवाल, सुंदर गोयल, संजय गोयल, राजेश वर्मा, नवनीत मित्तल, आदेश अग्रवाल, सत्येंद्र अग्रवाल, पत्रकार अशोक गुप्ता, मुकेश गोयल, प्रदीप चौहान, रितुज शर्मा, अमित अग्रवाल, नरेश कालरा ने दुःख व्यक्त किया है। 'चिंगारी' परिवार की ओर से हार्दिक संवदेना।**

# चोरों ने रात दो स्थानों पर की चोरी की वारदत, चुराये लाखों के जेवरात

**चांदपुर ( चिंगारी )। चोरों ने क्षेत्र में दो स्थानों पर चोरी की वारदात कर लाखों रुपए की नकदी व आभूषण चोरी कर लिये। 4 दिन पूर्व भी चोरों ने बन्द मकान से लाखों रुपए के आभूषण व दो लाख 40 हजार रूपए की नकदी चोरी कर ली थी।**

ग्राम स्याऊ निवासी नसीमा रिश्तेदारी में हुई शादी में शरीक होने के लिए गयी थी, इसी दौरान चोरों ने बन्द पड़े मकान के ताले तोड़कर वहां से आभूषण, कीमती कपड़े व 20 हजार रूपए की नकदी चोरी कर ली। पड़ोसी ने नसीमा को घर में चोरी हो जाने की सूचना दी। नसीमा के अनुसार चोरी गया सामान उसने अपने बच्चों की शादी के लिए रखा था। इसके अलावा चोरों ने ग्राम बेलखेड़ा में बन्टी कुमार पुत्र छत्रपाल सिंह के घर से तीन लाख रुपए व सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिये।

मालूम हो कि 10/11 फरवरी की रात में भी चोरों ने नगर के मुहल्ला चिम्मन निवासी मनोज मित्तल के मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के आभूषण व दो लाख 40 हजार रूपए की नकदी चोरी कर ली थी। मनोज मित्तल 10 फरवरी की शाम को परिवार सहित शादी में शरीक होने के लिए किरतपुर गये थे तथा रात्रि में डेढ़ बजे घर वापस लौट आए थे, इसी दौरान चोरों ने आभूषण व नकदी चोरी कर ली थी।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# दूध गर्म करते हुए सिलेण्डर में आग लगी, बाप-बेटी झुलसे



**नूरपुर ( चिंगारी )।** नूरपुर क्षेत्र के गांव जाफरपुर कोर्ट में रविवार की अपराह्न गांव निवासी अमित कुमार (28 वर्ष) अपनी बेटी के लिए गैस चूल्हे पर दूध गर्म कर रहा था। इस दौरान गैस सिलेंडर लीक होने के कारण सिलेंडर में आग लग गई। घटना में जलकर अमित कुमार, उसकी बेटी नैना (4 वर्ष) झुलसकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने किसी तरह आग बुझाई। ग्रामीणों ने एम्बुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उनकी गम्भीर हालत के चलते प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया। बताया गया कि अमित कुमार की पत्नल पशुओं के लिए चारा लेने जंगल गई थी। अमित कुमार अपनी दो बेटियों के साथ घर पर था।

# सैदपुरा के लोगों में रोष व्याप्त, पुलिस बल तैनात

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के सैदपुरा उर्फ नाईपुरा गांव में शिव मंदिर से मूर्ति हटवाए जाने में पुलिस की भूमिका को लेकर वहां के शिवभक्तों में भारी आक्रोश है। हालांकि सुरक्षा की दृष्टि से गांव में पुलिस का पहरा बैठा दिया गया है, फिर भी शिवभक्तों का गुस्सा शांत होने का नाम नहीं ले रहा। वह अब पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोलने की योजना बना रहे हैं। बताते हैं कि घटना से आहत व निराशा शिवभक्तों ने एकजुट होकर उत्तर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को सारे मामले से अवगत कराने और हाईकोर्ट का रुख करने का निर्णय लिया है। मालूम हो कि शनिवार की रात्रि एक तथाकथित शिकायतकर्ता की सूचना पर गांव पहुंची पुलिस की मौजूदगी में प्राचीन शिव मंदिर में स्थापित शिव परिवार तथा देवी-देवताओं की मूर्तियों को भैंसा-बुग्गी में लदवाकर गांव की वीरान सड़क पर लावारिस छोड़ दिया गया था। ग्रामीणों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए काफी हंगामा किया था। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।



# हिम्स जौलीग्रांट में 5 साल की बच्ची का सफलतापूर्वक हुआ बोन मैरो ट्रांसप्लांट

## डेढ़ वर्षीया छोटी बहन बनी बोन मैरो डोनर

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** डोईवाला रियायती दरों पर गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाओं को समर्पित हिमालयन इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (हिम्स) जौलीग्रांट ने एक कीर्तिमान स्थापित किया है। हिम्स के चिकित्सकों ने अप्लास्टिक एनीमिया से ग्रसित पांच वर्षीय बच्ची श्रुति का सफलतापूर्वक बोन मैरो ट्रांसप्लांट किया है। विशेष बात यह है कि श्रुति के लिए उसकी डेढ़ वर्षीय छोटी बहन खुशी बोन मैरो डोनर बनी, जिसने उत्तराखंड व पश्चिम उत्तर प्रदेश में सबसे कम उम्र की बोन मैरो डोनर बनने का कीर्तिमान बनाया है।

### बहन ने बहन को दिया नया जीवन

श्रुति को जन्म से ही सर्दी, बुखार और त्वचा संक्रमण जैसी बीमारियां घेरे रहती थीं। परिजन उपचार



के लिए उसे हिम्स जौलीग्रांट लाये, जहां वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आवृत्ति बवेजा ने विस्तृत जांच कर अप्लास्टिक एनीमिया की पुष्टि की। चिकित्सीय टीम ने बोन मैरो ट्रांसप्लांट का निर्णय लिया और छोटी बहन खुशी के स्टेम सेल्स लेकर प्रत्यारोपण किया। प्रक्रिया के बाद श्रुति और खुशी दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं।

### राज्य में ही अब संभव हुआ उन्नत उपचार

स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय (एसआरएचयू) के अध्यक्ष डॉ. विजय धस्माना ने इस उपलब्धि पर अस्पताल की मेडिकल टीम को बधाई दी और कहा कि हिमालयन अस्पताल ने एक बार फिर यह साबित किया है कि हम न सिर्फ गुणवत्तापरक बल्कि सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अब उत्तराखंड के मरीजों को उन्नत उपचार के लिए राज्य से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है।

### पहले सिर्फ बड़े शहरों में थी यह सुविधा

बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा पहले केवल दिल्ली, मुंबई, और बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों के अस्पतालों में ही उपलब्ध थी। अब हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट ने यह सुविधा उत्तराखंड में उपलब्ध कराकर एक नई मिसाल कायम की है। यह राज्य का पहला और एकमात्र अस्पताल है जहां बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा मौजूद है। उत्तराखंड का पहला सफल बोनमैरोट ट्रांसप्लांट भी हिम्स जौलीग्रांट में हुआ है।

### क्या होता है बोन मैरो ट्रांसप्लांट?

बोन मैरो ट्रांसप्लांट में शरीर के क्षतिग्रस्त या खराब बोन मैरो को स्वस्थ स्टेम सेल्स से प्रतिस्थापित किया जाता है। यह प्रक्रिया ब्लड कैंसर, बोन मैरो फेल्योर और अन्य रक्त संबंधी बीमारियों के इलाज में की जाती है।

### सफलता के पीछे समर्पित टीम

**इस जटिल प्रक्रिया को सफल बनाने में डॉ. अंकित बत्रा सहित बीएमटी नर्सिंग इंचार्ज रुबिता, नीरज, अंजलि, पल्लवी, कमला, महिमा और कल्पा की विशेष भूमिका रही। एनेस्थीसिया विभाग से डॉ. प्रिया, नेफोलॉजी से डॉ. शहबाज अहमद, ब्लड बैंक से डॉ. यशस्वी और हेमेटोपैथॉलॉजी विभाग से डॉ. मानसी ने भी उपचार प्रक्रिया में अहम योगदान दिया।**

---

## वन विकास निगम कर्मचारी संगठन का चुनाव

# अनुराग भारद्वाज अध्यक्ष, जीवन सिंह मंत्री बने

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड वन विकास निगम कर्मचारी संगठन की पुरानी कार्यकारी को भंग कर नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान द्विवार्षिक चुनाव प्रक्रिया में अनुराग भारद्वाज को क्षेत्रीय अध्यक्ष व जीवन सिंह को मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। मुख्य चुनाव अधिकारी देवीराम सेमवाल व सहायक चुनाव अधिकारी प्रेम सिंह चौहान की देखरेख में हुए चुनाव में अन्य पदों पर हितेष कुमार व नितिन रावत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया। इसके अलावा विपिन कुमार को क्षेत्रीय संयुक्त मंत्री, प्रीति को क्षेत्रीय संगठन मंत्री, नयन सिंह असवाल को कोषाध्यक्ष व राजेश कश्यप को क्षेत्रीय प्रचार मंत्री चुना गया। चुनाव अधिकारी ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए अनुराग भारद्वाज व अशोक कुमार के मध्य चुनाव करवाया गया, जिसमें दोनों को बराबर मत मिले। अंत में पर्ची के आधार पर प्रथम वर्ष के लिए अनुराग भारद्वाज को क्षेत्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया। कहा कि अन्य पदों पर सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध चुना गया।

---

# डीएवी स्कूल में शिक्षकों की 'मेंटल हेल्थ' पर कार्यशाला का आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** डीएवी पब्लिक स्कूल कोटद्वार में शिक्षकों के लिए सीबीएसई के तत्वावधान में 'मेंटल हेल्थ' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव प्रबंधन, भावनात्मक संतुलन तथा सकारात्मक सोच के प्रति जागरूक करना था ताकि वे अपने व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवन में बेहतर सामंजस्य स्थापित कर सकें।

सीबीएसई के विशेषज्ञ वक्ता अनिल बिंजोला एवं हर्षवर्धन, पर्यवेक्षिका सारिका रावत, अजय कुमार व्यास व सचिन मित्तल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ वक्ता द्वारा मानसिक स्वास्थ्य की संकल्पना, उसके प्रकार, मानसिक तनाव के कारण, लक्षण एवं उससे बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने शिक्षकों को दैनिक जीवन में अपनाए जाने वाले विभिन्न तनाव प्रबंधन तकनीकों जैसे—ध्यान, योग, समय प्रबंधन तथा सकारात्मक संवाद आदि के बारे में भी बताया। इस अवसर पर समूह चर्चा, गतिविधि आधारित सत्र तथा प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया जिसमें शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने अनुभव साझा किये। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के व्यावहारिक उपायों से अवगत कराया गया। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों ने इस प्रकार के कार्यक्रमों को समय-समय पर आयोजित किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। अंत में श्वेता राय के द्वारा विशेषज्ञ वक्ता एवं सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया गया।,

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

---

# जिलाधिकारी सविन बंसल ने बैठक बुलाई
# राज्य आंदोलनकारियों ने अपनी समस्याएं बताईं



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में राज्य आंदोलनकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण सहित विभिन्न लंबित विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान राज्य आंदोलनकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव एवं मांगें प्रस्तुत कीं। विशेष रूप से शपथ-पत्र के आधार पर राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाये जाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। इस पर जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि संगठनों द्वारा प्रस्तुत शपथ-पत्रों एवं उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर प्रकरण को प्रबल संस्तुति के साथ शासन को प्रेषित किया जाएगा, ताकि उचित स्तर पर निर्णय लिया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आप हमारे राज्य के निर्मातागण हैं, आपकी समस्याओं का निस्तारण करना शासन-प्रशासन का परम दायित्व है। जिलाधिकारी ने समिति के गठन के संबंध में कहा कि सभी संगठन आपसी समन्वय एवं सर्वसम्मति से समिति सदस्यों के नाम प्रस्तावित कर प्रेषित करें। प्राप्त नामों पर नियमानुसार विचार किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन राज्य आंदोलनकारियों की भावनाओं एवं योगदान का सम्मान करता है तथा विषय के समाधान हेतु संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि संवाद एवं समन्वय के माध्यम से ही समस्याओं का सकारात्मक समाधान संभव है तथा प्रशासन इस दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के.के. मिश्रा, उप जिलाधिकारी हरी गिरि, राज्य आंदोलनकारी संगठनों के प्रतिनिधि ओमी उनियाल, उर्मिला शर्मा, डी.एस. गुंसाई, सुरेश कुमार, चिंतन कुमार, राजेश शर्मा, प्रमिला रावत, मौहम्मद ईकबाल, संजीव कुमार मनवाल आदि उपस्थित रहे।

---

# स्टाम्प घोटाले में सब रजिस्ट्रार सस्पेंड

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल ने ऋषिकेश में करोड़ों रुपये के भूमि स्टाम्प घोटाले में सब रजिस्ट्रार ऋषिकेश हरीश कुमार को सस्पेंड कर दिया है। उल्लेखनीय है जिलाधिकारी ने 28 जनवरी को कार्यालय में औचक छापेमारी की थी, जिसमें भारी अनियमितताएं सामने आई थीं, जिनमें औद्योगिक भूमि की श्रेणी बदल कर फर्जी कागजात बनाकर एवं नियमों की धज्जियां उड़ाकर आवासीय श्रेणी में जमीनों की रजिस्ट्रियां कराकर राज्य सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व के नुकसान का मामला उजागर हुआ था। इसके अतिरिक्त अन्य अनियमितताएं सामने आई थीं। जांच में सामने आया था कि दून घाटी



विशेष विकास क्षेत्र महायोजना-2031 के तहत औद्योगिक उपयोग के लिए चिन्हित थे, उन्हें सुनियोजित ढंग से आवासीय दर्शाकर छोटे-छोटे प्लाटों के रूप में बेचा गया था।

# उत्तर भारत का आधुनिक आर्य गुरुकुल म्यूज़ियम 80 फीसदी तैयार



**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर भारत का आधुनिक आर्य गुरुकुल म्यूज़ियम अब लगभग तैयार है। नई तकनीक से सुसज्जित यह संग्रहालय अतीत की गौरवगाथा को नए और आकर्षक अंदाज़ में पेश करेगा, जहां इतिहास केवल पढ़ा नहीं जाएगा, बल्कि महसूस किया जाएगा। ब्रज क्षेत्र की यह महत्वाकांक्षी परियोजना न सिर्फ पर्यटन को नई राष्ट्रीय पहचान देगी, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का एक मजबूत माध्यम भी बनेगी। फिरोजाबाद जिले के सिरसागंज में 24.45 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा उत्तर प्रदेश का पहला आर्य गुरुकुल म्यूज़ियम तेजी से तैयार हो रहा है, जिसका लगभग 80 फीसदी से अधिक कार्य पूरा किया जा चुका है। इसको लेकर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने समीक्षा बैठक के दौरान जल्द से जल्द कार्य संपन्न करने के निर्देश दिए। विज़ुअल स्टोरीटेलिंग में सजेगा आर्य इतिहास इसकी विशेषता पर जानकारी देते हुए मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि, इस म्यूजियम में इतिहास को इमर्सिव लर्निंग, विज़ुअल स्टोरीटेलिंग और इंटरैक्टिव डिस्प्ले के जरिए दिखाया जाएगा, ताकि हर उम्र का व्यक्ति इसे आसानी से समझ सके। यहां स्थापना और शुरुआती दौर, संस्थापक और स्थानीय नेताओं का योगदान, आजादी की लड़ाई में भूमिका, सिद्धांत और विचारधारा, योग की अहमियत और आज के समय में इसकी जरूरत जैसे जोन बनाए गए हैं। कुल मिलाकर, आर्य गुरुकुल म्यूजियम सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने और उनसे प्रेरणा लेने का एक बेहतरीन माध्यम है। म्यूजियम में ऑडिटोरियम, मल्टीपर्पज हॉल, एम्फीथिएटर, हेलीपैड, फायर फाइटिंग सिस्टम और कई ब्लॉकों का ढांचा तैयार हो गया है और अधिकतर जगहों पर फिनिशिंग का काम चल रहा है। बाहरी इलेक्ट्रिफिकेशन, ट्यूबवेल, अंडरग्राउंड सम्प और कुछ अन्य कार्य प्रगति पर हैं, जबकि सीसी रोड, हॉर्टिकल्चर, तालाब विकास, फ्लोटिंग मल्टीमीडिया और ब्ल्ट जैसे कुछ काम अभी शुरू होने बाकी हैं। कुल मिलाकर परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है और तय समय में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सत्य, धर्म और सेवा का संदेश देता संग्रहालय इसके अलावा इस म्यूजियम में पाँच पिलरों की सीख भी होगी। जिसमें पहला, ईश्वर ही सच्चे ज्ञान का असली स्रोत है-वह निराकार, अनंत और पूरी सृष्टि का रचयिता है। दूसरा, वेद हमें सही सोच और सही जीवन जीने का मार्ग दिखाते हैं, इसलिए उन्हें समझना और उनके अनुसार चलना हमारी जिम्मेदारी है।

# राम मंदिर का वैभव सात समंदर पार, 20 फरवरी को मॉस्को में होगी भव्य रामलीला

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राम मंदिर से जुड़े विकास कार्यों और दीपोत्सव जैसे भव्य आयोजनों की गूंज अब सात समंदर पार तक पहुंच गई है। इसी सांस्कृतिक प्रेरणा के तहत रूस की राजधानी मॉस्को में 20 फरवरी को भव्य रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भारतङ्करूस सांस्कृतिक संबंधों के नए अध्याय के रूप में देखा जा रहा है। रूस में भारत के दूतावास और जवाहरलाल नेहरू सांस्कृतिक केंद्र (जेएनसीसी) के सहयोग से आयोजित इस रामलीला में रूसी कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। राम की भूमिका एवगेनी, सीता का किरदार दारिया, लक्ष्मण की भूमिका मुरात और हनुमान के रूप में दिमित्री मंच पर भारतीय आस्था की सजीव प्रस्तुति देंगे। भव्य मंच सज्जा, पारंपरिक वेशभूषा और संगीत के माध्यम से रामकथा को जीवंत किया जाएगा। इस आयोजन की मुख्य संचालक रूसी-भारतीय मैत्री संस्था 'दिशा' है, जो डॉ. रामेश्वर सिंह के नेतृत्व में वर्षों से दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक सेतु का कार्य कर रही है। आयोजकों के अनुसार रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सत्य, मर्यादा और आदर्श जीवन का सार्वभौमिक संदेश देती है, जिस कारण रूसी दर्शकों में भी इसके प्रति विशेष उत्सुकता देखी जा रही है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार पहले ही रूस के कलाकारों को अयोध्या दीपोत्सव में मंच उपलब्ध करा चुकी है। अयोध्या की आध्यात्मिक आभा और दीपोत्सव की भव्यता से प्रभावित होकर ही रूसी कलाकारों और आयोजकों ने मॉस्को में इसी भाव के साथ रामलीला मंचन का निर्णय लिया। 20 फरवरी को होने वाला यह आयोजन न केवल भारतीय संस्कृति का उत्सव होगा, बल्कि भारत और रूस के बीच भावनात्मक व सांस्कृतिक रिश्तों को नई गति भी देगा।



# भारत ए महिला टीम ने पाकिस्तान को आठ विकेट से हराया

**बैंकॉक (एजेंसी/चिंगारी)।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद दिनेश वृंदा (नाबाद 55) की अर्धशतकीय पारी की बदौलत भारत ए महिला टीम ने रविवार को महिला एशिया कप 2026 राइजिंग स्टार्स के छठे मुकाबले में पाकिस्तान को 59 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से रौंद दिया।

आज यहां पाकिस्तान ए महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक सामना नहीं कर सकी और 18.5 ओवर में 93 रन के स्कोर पर सिमट गई।

शवाल जुल्फिकार (23), गुल रुख (21) और अनोशा नासिर 17 रन बनाकर आउट हुईं। शेष आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सकीं। भारत ए महिला टीम के लिए साइमा ठाकोर, राधा यादव और प्रेमा रावत ने दो-दो विकेट लिये। जिंतिमनी कलिता, मिन्नू मनी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसे पहले ही ओवर में हुमैरा काजी (शून्य) के रूप में पहली ही गेंद पर झटका लगा। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आयी अनुष्का शर्मा ने दिनेश वृंदा साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 79 रन जोड़े। नौंवें ओवर में मोमिना रियासत ने अनुष्का शर्मा (24) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। भारत ए महिला टीम ने 10.1 ओवर में दो विकेट पर 97 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम किया। दिनेश वृंदा ने 29 गेंदों में 12 चौके लगाते हुए नाबाद 55 रनों की पारी खेली। तेजल हसबनीस 12 रन बनाकर नाबाद रही। पाकिस्तान के लिए वाहिदा अख्तर और मोमिना रियासत ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।






# वंदे मातरम विरोध के पीछे वोट बैंक की राजनीति- इंद्रेश कुमार

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक और मंच के मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार ने मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (एमआरएम) के संयोजन में आयोजित समारोह में 'भारतीय मुस्लिमों की गौरव गाथाएं' पुस्तक का विमोचन किया।

श्री इंद्रेश कुमार ने शनिवार को हरियाणा भवन में अपने संबोधन में वंदे मातरम को भारत की सांस्कृतिक और स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा बताते हुए कहा कि देश के लाखों मुसलमान गर्व के साथ गाते हैं। उन्होंने कहा कि इसका विरोध संकीर्ण वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित है और राष्ट्रगीत को अस्वीकार करना उस साझा विरासत से दूरी बनाना है जिसने भारत को एक सूत्र में जोड़ा। उन्होंने कहा, 'राष्ट्र पहले है, राजनीति बाद में।'

श्री इंद्रेश ने बंगलादेश की स्थिति पर कहा कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से वहां की जड़ें भारतीयता से जुड़ी हैं और क्षेत्रीय शांति के लिए भारत-बांग्लादेश सहयोग अनिवार्य है। उनके अनुसार भारत से सकारात्मक संबंध ही वहां स्थायी शांति और स्थिरता का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। जाने माने लेखक याजवेंद्र यादव द्वारा लिखी 'भारतीय मुस्लिमों की गौरव गाथाएं' को वक्ताओं ने भारत की साझा राष्ट्रीय विरासत का महत्वपूर्ण दस्तावेज बताया। पुस्तक में स्वतंत्रता संग्राम, सेना, शिक्षा, विज्ञान, साहित्य और सामाजिक सेवा के क्षेत्रों में भारतीय मुसलमानों के योगदान को रेखांकित किया गया है। वक्ताओं ने कहा कि यह कृति समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने में सहायक होगी। डॉ. शाहिद अख्तर ने कहा कि भारत की वास्तविक ताकत उसकी विविधता और संविधान के प्रति निष्ठा में निहित है तथा शिक्षा सामाजिक सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है, जो कट्टरता और वैचारिक टकराव को कम कर सकता है। उन्होंने राष्ट्रीय प्रतीकों को राजनीतिक विवाद का विषय बनाने से बचने की भी अपील की।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES भगन्दर FISTULA फिशर FISSURE
इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती

डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )
आने से पहले कॉल करें-
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

## लेन-देन के संबंध नहीं, अपनत्व है भारत की पहचान-भागवत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (ऋस्स) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि भारत आज विश्व में सद्भावना और सामाजिक समरसता का एक वैश्विक केंद्र बनकर उभरा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की सभ्यतागत सोच लेन–देन आधारित संबंधों पर नहीं, बल्कि एकत्व और आपसी अपनत्व की भावना पर आधारित है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गोरक्ष प्रांत द्वारा रविवार को आयोजित 'सामाजिक सद्भाव' बैठक को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि समाज की पहचान स्वार्थ से नहीं, बल्कि परस्पर जुड़ाव से होती है। यह कार्यक्रम संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर बाबा गंभीरनाथ ऑडिटोरियम, तारामंडल में आयोजित किया गया। मोहन भागवत ने कहा कि कई देशों में रिश्तों को लेन–देन की दृष्टि से देखा जाता है, जबकि भारत में मानवीय संबंध अपनत्व और सहभागिता पर आधारित होते हैं।

Hero आवश्यकता है Hero
जे.पी. ऑटोमोबाइल्स
( हीरो मोटो कॉर्प शोरूम )
हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

## विवाद निस्तारण को बढ़ावा देने हेतु यूपी में अत्याधुनिक हेल्पलाइन सेवा शुरू

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उच्च न्यायालय, खंड पीठ लखनऊ के चीफ जस्टिस पोर्टिको में प्रदेश के 74 जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के लिए मल्टी यूटिलिटी वाहनों के फ्लैग–ऑफ समारोह और राज्य मध्यस्थता हेल्पलाइन के शुभारंभ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह पहल सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक विधिक जागरूकता पहुँचाने और विवादों के त्वरित निस्तारण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम सिद्ध होगी। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय न्यायमूर्ति श्री विक्रम नाथ, न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा किया गया। इस अवसर पर माननीय न्यायमूर्ति श्री पंकज मित्तल, न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय, माननीय न्यायमूर्ति श्री अरुण भंसाली, मुख्य न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, माननीय न्यायमूर्ति श्री देवेंद्र कुमार उपाध्याय, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, दिल्ली, माननीय न्यायमूर्ति श्री श्री. चंद्रशेखर, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, बॉम्बे, माननीय न्यायमूर्ति श्री महेश चंद्र त्रिपाठी, वरिष्ठ न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय तथा अन्य माननीय न्यायमूर्तिगण ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को सुशोभित किया।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
आज ही अपना स्कूटर RIZTA घर ले जायें।
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध
*कम से कम बिना डाउन पेमेंट पर
*बिना कागजात
*मात्र 15 मिनट में फाइनेंस उपलब्ध है।
*कम कागजी कार्रवाई
आर्मी मैन व पुलिसकर्मियों के लिये 5,000/- रुपये की आकर्षक छूट
अब एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर की सर्विस सेंटर आपके ध्रुविका मोटर्स पर उपलब्ध है।

एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक
एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female
मैकेनिक Male
Experiance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911